शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, सोमवार 17 फरवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्षः- 14, अंक 34

फालतू है कुंभ, कोई मतलब नहीं... ● लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र ● टखने में चोट के कारण यशस्वी रणजी...

नितिन गडकरी ने सपरिवार किया त्रिवेणी स्नान

एजेंसी

महाकुंभनगर। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सपरिवार त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर माँ गंगा, माँ यमुना और माँ सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सनातन परंपराओं की भव्यता को नमन करते हुए कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की एकता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है।

यह आयोजन हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। आस्था, अध्यात्म और सनातन परंपराओं के भव्य संगम महाकुंभ में उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मूर्त रूप देने वाला अवसर है, जहाँ संपूर्ण देश के लोग एक आस्था और संस्कृति में बंधे होते हैं।

श्री गडकरी के तीर्थराज प्रयाग आगमन पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उनका कुंभ कलश प्रदान कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक पुनर्जागरण और जागरण का प्रतीक है, जो पूरे विश्व को सनातन संस्कृति से परिचित कराता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रशासन और पुलिस ने कड़ी मेहनत कर व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया है। हजारों श्रद्धालु सड़क मार्ग से यात्रा कर रहे हैं और सभी को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ हम सभी के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा प्राप्त करने का अवसर है।

मणिपुर के विधायकों को अज्ञात लोगों से मिल रही धमकियां

इंफाल। मणिपुर के कुछ विधायकों ने पुलिस से शिकायत की है कि उन्हें अज्ञात व्यक्तियों से फर्जी कॉल आ रही हैं और धमकियाँ मिल रही हैं। एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि पुलिस को राज्य में चल रही राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाकर विधायकों को प्रभावित करने और गुमराह करने की कोशिश करने वाले अज्ञात व्यक्तियों के कॉल के बारे में शिकायतें मिली हैं। इंफाल पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई चल रही है। पुलिस ने चेतावनी दी कि ऐसी धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल लोगों को सख्त कानूनी कार्यवाई की जायेगी। गौरतलब है कि एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के चार दिन बाद गुरुवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया।

भाजपा-राजग की एक के बाद एक जीत

विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति जनसमर्थन का प्रमाण-मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्र और राज्यों के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत विकसित भारत के उनकी सरकार के लक्ष्य के प्रति देश की जनता के समर्थन को दर्शाती है। श्री मोदी कहा कि 2014 में उनकी पहली सरकार बनने के बाद से भारत में आए सकारात्मक परिवर्तनों के चलते विश्व बिरादरी में देश का सम्मान बढ़ा है और उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से काम कर रही है। श्री मोदी शाम को एक मीडिया संगठन के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा , (केंद्र में उनकी) नई सरकार बनने के बाद देश के अनेक राज्यों में भाजपा-राजग को जनता का आशीर्वाद लगातार मिल रहा है। जून में ओडिशा के लोगों ने विकसित भारत के संकल्प को गति दी, फिर हरियाणा के लोगों ने समर्थन किया और अब दिल्ली के लोगों ने हमें भरपूर समर्थन दिया है। ये एक एक्नॉलेजमेंट (प्रमाण) है कि देश की जनता आज किस तरह विकसित भारत के लक्ष्य के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में हमारी सरकार, प्राइवेट सेक्टर को बहुत अहम सहभागी मानती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब देश की राजनीति काम के आधार पर तय होने लगी है और अब भारत की जनता ने दो टूक कह दिया है- टिकेगा वही, जो जमीन से जुड़ा रहेगा, जमीन पर रिजल्ट लाकर दिखाएगा।

ललितपुर मे बनेगा सबसे बड़ा बल्क ड्रग फार्मा पार्क

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के ललितपुर में सबसे बड़ा बल्क ड्रग फार्मा पार्क स्थापित किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का प्रथम चरण शुरू हो गया है। पार्क के लिए 1472.33 एकड़ भूमि यू.पी.सी.डा.को हस्तांतरित की गई है, जिसमें से पहले चरण में 350 एकड़ में विकास कार्य होगा व शासन ने प्रथम चरण के लिए 450 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है।

वर्तमान में सड़क चौड़ीकरण के लिए बिजली के खंभों की शिफ्टिंग और नई विद्युत लाइन बिछाने का काम चल रहा है व रूकावट आने पर वन विभाग द्वारा पेड़ों की कटाई की जा रही है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने स्थल का निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इस पार्क में 29 औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी व यह परियोजना मेडिकल सेक्टर में रिसर्च को बढ़ावा देगी और नए मेडिकल उपकरणों के निर्माण में सहायक होगी। कई कंपनियों ने आधुनिक मेडिकल डिवाइस बनाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

प्रलय की प्रतीक्षा न करें

धरती को अभी से हराभरा बनाएं: योगी

एजेंसी

महाकुंभनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। श्री योगी रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा। उन्होंने कहा हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में जब जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं तो एक-दूसरे पर दोषारोपण होने लगता है। यही स्थिति महाकुम्भ में भी देखने को मिल रही है। एरियल सर्वे में देख रहा था कि पार्किंग की जगह खाली है, लेकिन हर व्यक्ति सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी करके संगम स्नान को जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वही व्यक्ति पार्किंग के स्थान पर अपना वाहन पार्क करे तो हो सकता है कि उसे 100 मीटर ज्यादा पैदल चलना पड़े, लेकिन सड़क पर कहीं जाम नहीं होगा और आसानी से वह संगम में स्नान कर सकेगा। उन्होंने कहा इस जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हम सब कहां भागीदार हैं, इसके बारे में चिंतन करना और उसे अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना, यह सचमुच महाकुम्भ का हिस्सा बनना चाहिए। इसे हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

रेलवे की बदइंतजामी से मची स्टेशन पर भगदड़: राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रयागराज महाकुंभ जा रहे यात्रियों की नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने भगदड़ को रेलवे स्टेशन पर सरकार की बदइंतजामी और लापरवाही का नतीजा बताया और कहा कि रेलवे संवेदनशीलता से काम करता तो इस तरह की दुखद घटना नहीं होती।

श्री गांधी ने कहा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से कई लोगों की मृत्यु और कईयों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। उन्होंने कहा यह घटना एक बार फिर रेलवे की नाकामी और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए स्टेशन पर बेहतर इंतजाम किए जाने चाहिए थे। सरकार और प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि बदइंतजामी और लापरवाही के कारण किसी को अपनी जान न गंवानी पड़े। श्रीमती वाड्रा ने कहा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ की वजह से मची भगदड़ में महिलाओं और बच्चों समेत कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

ढाई किलो हेरोइन के साथ दो भारतीय तस्कर गिरफ्तार

जालंधर। सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता में, बीएसएफ और एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने अमृतसर और तरनतारन सीमा क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में मादक पदार्थों की खेप के साथ दो संदिग्ध तस्करों को पकड़ा। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि बीएसएफ खुफिया विंग द्वारा साझा की गई खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, एएनटीएफ के सहयोग से बीएसएफ ने संदिग्ध के आवास पर शनिवार शाम 07:15 बजे एक संयुक्त छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप गांव- चक बल, पीएस- अजनाला, अमृतसर के निकटवर्ती क्षेत्र से एक संदिग्ध व्यक्ति को संदिग्ध हेरोइन के दो पैकेट (कुल वजन 1.560 किलोग्राम) के साथ पकड़ा गया। नशीले पदार्थों को सफेद पॉलीथीन में लपेटा गया था और फिर सफेद कपड़े में पैक किया गया था। पकड़ा गया संदिग्ध अमृतसर के चक बल गांव का निवासी है और फिलहाल वह आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में है।

बाराबंकी में सड़क हादसा, चार की मौत

एजेंसी

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के लोनीकटरा क्षेत्र में रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर खड़ी बस में श्रद्धालुओं से भरी टैम्पो ट्रेवलर के पीछे से टक्कर मारने से चार लोगों की मौके मृत्यु हो गई जबकि 15 से अधिक घायल हो गए।

घायल सभी व्यक्ति महाराष्ट्र के बताए जाते हैं जिन्हें स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती किया गया। इनमें कुछ की हालत चिंताजनक होते हुए लखनऊ ट्रामा भेजा गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर यह हादसा उस समय हुआ जब छत्तीसगढ़ से अयोध्या जा रही एक बस किसी खराबी के कारण सड़क किनारे खड़ी थी, तभी प्रयागराज कुंभ से अयोध्या जा रही महाराष्ट्र की एक तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर से उसमें जा घुसी। टक्कर इतनी भयानक थी कि मिनी बस के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर घायलों को बस से बाहर निकाला। लोनीकटरा पुलिस के साथ-साथ एसपी दिनेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को लखनऊ के गोसाईगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया, जबकि कुछ को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र के नांदेड़ के रहने वाले दीपक, सुनील और महिला अनसूईया समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हुयी है। हादसा इतना भीषण था कि मिनी बस पूरी तरह चकनाचूर हो गई, और शवों को निकालने में घंटों का वक्त लगा। पुलिस को प्राथमिक जांच में पता चला है कि मिनी बस की रफ्तार काफी ज्यादा थी और संभवत: ड्राइवर को आगे खड़ी बस नजर नहीं आई। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं ड्राइवर को झपकी तो नहीं आ गई थी। हादसे में बचे कई यात्री अभी भी गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटाकर यातायात बहाल कराया।

भाजपा के जिला महामंत्री नरेंद्र सहू का आकस्मिक निधन

श्रीगंगानगर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला महामंत्री नरेंद्र सहू (49) का रविवार को सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। श्री सहू के परिजनों के अनुसार सादुलशहर के वार्ड नंबर नौ निवासी श्री सहू को तड़के सीने में दर्द होने पर सादुलशहर के एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने श्रीगंगानगर ले जाने का परामर्श दिया। परिजन श्री सहू को श्रीगंगानगर के एक निजी अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने जांच के पश्चात उन्हें मृत घोषित कर दिया। शाम को उनके पैतृक गांव कालवासिया में गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के समय बड़ी संख्या में भाजपा नेता, स्वयंसेवक, ग्रामीण और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति शासन के बाद 12 खूंखार उग्रवादी गिरफ्तार

बड़ी मात्रा में मिला गोला-बारूद

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर में हिंसा को रोक पाने में विफलता के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति शासन लगा दिया है। इस फैसले के बाद उग्रवादी संगठनों के कम से कम 12 सरगनाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से सात कुकी नेशनल आर्मी से जुड़े हैं। इन संगठनों ने सरकार के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन समझौते पर साइन भी किए थे। मणिपुर में करीब 32 उग्रवादी संगठन ऐक्टिव हैं। इनमें से 25 ने सरकार के साथ समझौता किया था। 3 मई को हिंसा शुरू होने से दो महीने पहले ही मणिपुर सरकार ने कुकी नेशनल आर्मी और जोमी रेवोलूशनरी फ्रंट के साथ समझौता खत्म कर दिया गया था। उनपर अवैध रूप से जंगल पर कब्जा करने वालों के समर्थन में प्रदर्शन करने का आरोप था। इसके बाद उनके बीच समझौते को लेकर कोई ऐलान नहीं किया गया। वहीं पहले वाला समझौता फरवरी 2024 में ही खत्म हो गया था। शनिवार को जारी बयान में मणिपुर पुलि ने बताया कि केएनए के सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा ओल्ड खाउकुआल इलाके में गश्ती की जा रही है। उग्रवादियों की पहचान शेखोगिन हाओकिव उर्फ गिगिन, नगामलेंनांग माते उर्फ मांगनियो, सेलमांग, थांगलमांग हाओकिप उर्फ मांगबोई, जमखोसेई उर्फ सेइपू के तौर पर हुई है। उनके पास से एके 47 राइफलें, 7.62 असॉल्ट राइफल, तीन सिंगल बोर राइफल, 10 एके-47 मैगजीन, 654 जिंदा कारतूस, 19 कार्ट्रिजेज मिली हैं। मणिपुर पुलिस और सुरक्षाबलों के जवानों ने कई अन्य जगहों से भी बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किए हैं। इनमें एसएलआर और इनसास तक शामिल हैं। इंडो-म्यांमार बॉर्डर पिलर नंबर 73 और 74 के पास से भी बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए।

शनिवार को पुलिस ने दो महिला उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया जो कि अंडरग्राउंड संगठन कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी पीपल्स वॉर ग्रुप से जुड़ी हुई थीं। पुलिस ने कहा कि वे उगाही और हथियारों को भेजने का काम करती थीं।

निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में लाभान्वित हुए 575 मरीज

शकुन टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। गांधीनगर के नरिया स्थित साईं मेडिसिटी प्राइवेट लिमिटेड हॉस्पिटल में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ कैंप का आयोजन हुआ। शिविर में शहर सहित ग्रामीण अंचलों से 575 मरीजों ने कैंप में पहुंचकर स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण हुआ।मुख्य अतिथि डॉ विवेकानंद राय व डॉ मिंकू सिंह ने फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया। यह कैंप श्री साईं जनकल्याण ट्रस्ट की ओर से किया गया। साईं मेडिसिटी हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. मिंकू . सिंह (स्त्री प्रसूति एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ) ने बताया कि इस महंगाई के दौर में जहाँ महंगे इलाज के चलते गरीब कर्ज तले दबता जा रहा है। इन हालातों में कोई गरीब बीमारी की चपेट में आता है तो इस महंगाई के दौर में वह सिर्फ ईश्वर को ही याद करता है। वहीं हमारा इस तरह के नि:शुल्क कैंप के करने का उद्देश्य है कि वाराणसी तथा आस पास के गरीब व असहाय लोगों को समय रहते बीमारियों के प्रति जागरूक व उनका इलाज तथा बचाव किया जा सके।शिविर में मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी मूत्र, गुर्दा, यूटीआई, गुर्दे की पथरी, मूत्र मार्ग की पथरी, प्रोस्टेट , मोटापे का इलाज, हर्निया, ह्रदय रोग, मष्तिष्क रोग, तथा सभी प्रकार के कैंसर रोगों के बारे में नि:शुल्क परामर्श व बचाव के सुझाव दिए गए, साथ ही नि:शुल्क ब्लड की कुछ जरुरी जाँच एवं दवाओं का वितरण भी किया गया । शिविर में मुख्य रूप से डॉ. सुधेंदु शेखर शर्मा (कैंसर सर्जन), डॉ विनय सिंह जनरल फिजिशियन ,डॉ सुष्मित वर्मा अस्थि रोग विशेषज्ञ ,डॉ रेनू श्रीवास्तव , नविन तिवारी बाल रोग विशेषज्ञ ,डॉ सुजीत देशमुख व अखिलेश तिवारी नेत्र रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर डॉ प्रत्युष, अनुपम, बादल, अभिचल शशिकांत मिश्रा, विनय सिंह, डाक्टर जनार्दन प्रजापति, वीरेंद्र, दीक्षा, ज्योति पाण्डेय ,अर्पिता, संगीता, चौधरी, पवन आदि लोग मौजूद रहे।

ग्राहक सेवा केन्द्र में महिला से लूट करने की घटना में शामिल 3 शातिर लुटेरे गिरफ्तार, माल बरामद

शकुन टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान धारा 305 बी0एन0एस0 की घटना से संबंधित वांछित अभियुक्त विशाल गुप्ता पुत्र स्व0 भैरो प्रसाद गुप्ता,मनीष गोड़ पुत्र जगमोहन व सूरज गुप्ता पुत्र भैया जी गुप्ता को बलुआ रोड रिंग रोड थाना चौबेपुर से चोरी के माल(15620/ रूपया नकद,घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल,आधार कार्ड,पैन कार्ड,एटीएम कार्ड,3 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्र.नि. जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर,उ0नि0 टुन्नू सिंह,उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद यादव,उ0नि0 दुर्गेश मिश्रा,मु0आ0 राघवेन्द्र सिंह,आरक्षी बृजेश कुमार टीम रही।

संक्षिप्त सामाचार

बाइक की टक्कर से युवक की मौत, खेत से घर लौटते समय हुआ हादसा

बांदा। जिले में सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव के उपाध्य मोहाल निवासी पिंटू खेत की रखवाली करने के बाद घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे बाइक सवार को मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई रामबाबू ने बताया कि पिंटू अपने पिता बृजकिशोर की इकलौती संतान था। उसकी अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक की मां गीता समेत सभी परिजन बेटे की मौत से बेहद दुखी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नहर में मिला अज्ञात युवक का शव, शिनाख्त की कोशिश जारी

उरई/जालौन। जालौन में नहर में एक युवक का शव मिला। एट थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव के पास नहर में एक अज्ञात युवक का शव तैरता हुआ मिला। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष आंकी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विमलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुलतानपुर पुलिस ने 15 दिन में 47 अभियुक्तों की खोली हिस्ट्रीशीटर

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले की पुलिस ने कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अपराध व अपराधियों पर कड़ी निगरानी के दृष्टिगत पखवारे भर में आज तीसरी बार 17 अभियुक्तों के साथ अब तक 47 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। इससे पहले 3 फरवरी को 20 व 31 जनवरी को 10 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली हैं। पुलिस प्रवक्ता ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देश पर शातिर अपराधियों में अब तक 47 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी है जिनकी निगरानी सुलतानपुर पुलिस कर रही है।

पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, जवाबी फायरिंग में लगी एक को गोली, तीन गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया, जबकि तीन अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना सेक्टर-83 के गंदा नाला क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस चेकिंग कर रही थी। पुलिस द्वारा एक संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार सवार भागने लगे। एनएसईजेड मेट्रो स्टेशन के पास कार दीवार से टकरा गई। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस की कार्रवाई में एक बदमाश नियाजुल मलिक घायल हो गया।

दाल की पैदावार बढायें किसानः के पी मलिक

शकुन टाइम्स संवाददाता

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री के पी मलिक ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए किसानों से दालों की पैदावार बढ़ाने का आह्वान किया । श्री मलिक ने कहा कि खाद्य तेल के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार का दलहन-तिलहन के विकास कार्यक्रम पर ज्यादा जोर है।

अमरोहा में पत्रकार वार्ता के दौरान वन ,पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि बजट के माध्यम से सरकार का उद्देश्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और ग्रामीण आबादी की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। अरहर, उड़द और मसूर की खेती पर ध्यान केंद्रित करते हुए सरकार दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन के तहत किसानों से अगले चार वर्षों तक दाल खरीदीं जाएंगी। चीनी मिलों द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान समय पर किया जा रहा है। जंगली जानवरों और मानव के बीच बढ़ते संघर्ष के सवाल पर वन मंत्री ने कहा कि वन्य जीव जंतुओं के संवर्धन एवं सुरक्षा के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह सजग है और इसके लिए पिछले दिनों एक संगोष्ठी हस्तिनापुर में आयोजित की गई थी जिसमें वाइल्ड लाइफ और वन विभाग के अधिकारियों और स्कूल कालेज के छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। शीघ्र ही नोएडा की तर्ज़ पर आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों को पक्षी विहार के लिए विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अमानगढ़ रेंज और गोरखपुर में कार्य प्रगति पर है वहीं दूसरी ओर हस्तिनापुर पारिस्थितिकी संवेदी तंत्र ईको सेंसिटिव जोन यानी सेंक्च्युरी क्षेत्र में जीरो मानव हस्तक्षेप नीति को कायम रखते हुए तथा वहां जंगली जानवरों को अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने जाने में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने के निर्देश वाइल्ड लाइफ अधिकारियों को दिए गए हैं।

डीएम ने रेलवे स्टेशन और मंदिर प्रांगण का किया निरीक्षण

शकुन टाइम्स संवाददाता

- रेलवे स्टेशन पर जो ट्रेन जिस प्लेटफॉर्म पर आए उसे उसी पर आने दे उसका रूट न करें चेंज
- भीड़ बढ़ने पर रस्सा टीम गठित कर भीड़ करें नियंत्रित

मिर्जापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमन बर्मा के साथ रेलवे स्टेशन मीरजापुर और विंध्याचल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण निरीक्षण किया, तथा संबंधितों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन रेलवे स्टेशन मीरजापुर और विंध्याचल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने विंध्याचल स्टेशन मास्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोग अपने ड्यूटी प्वाइंट से न हटे और सक्रियता पूर्वक लगे रहें तत्काल एक अलग से रस्सा टीम गठित करके स्टेशन पर उस टीम को सक्रिय रखें। यदि भीड़ बढ़ रही है तो तत्काल रस्सा टीम लगाकर भीड़ को डायवर्ट करें ताकि कोई भी अप्रिय घटना न घटित हो सके। उन्होंने स्टेशन मास्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि जो ट्रेन जिस भी प्लेटफार्म पर आ रही है उसे उसी पर आने दें उसका प्लेटफ़ार्म न चेंज करें। प्लेटफॉर्म की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद विंध्याचल मां विंध्यवासिनी धाम के कॉरिडोर परिक्रमा पथ का भी निरीक्षण किया और जगह-जगह कूड़े को देख उसे साफ कराया तथा मंदिर बंद होने के बाद श्रद्धालुओं की लंबी कतार को देखते हुए खुद झांकी पर खड़ी होकर श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन कराने के साथ साथ भीड़ को कम करने के लिए आधा घंटे तक झांकी पर खड़ी होकर श्रद्धालुओं की सेवा में लगी रहीं। नई वी आई पी मार्ग की तरफ से बढ़ती भीड़ को देखते हुए न्यू वी आई पी मार्ग की गेट पर खड़ी होकर भीड़ को आगे बढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पर नियंत्रित कर पुलिस अधीक्षक से को फोन से वार्ता कर बताया कि ड्यूटी प्वाइंट पर कोई भी पुलिस का बड़ा अधिकारी नहीं है जिससे श्राद्धालुओं को दिक्कतें उठानी पड़ रही है जिससे तत्काल मौके पर एडिशनल एसपी सोनभद्र सी ओ औराई मौके पर पहुंचे।इस दौरान पुरानी वी आई पी मार्ग पर जूते चप्पल के लगे ढेर को वहां से हटाने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे ए डी एम देवेंद्र प्रताप सिंह , एसडीएम शक्ति सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संत रविदास जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभा यात्रा

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। विश्व हिंदू महासंघ जौनपुर प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के द्वारा निकाल गई शोभा यात्रा मां शीतला पैलेस प्रसाद तिराहे से शोभा यात्रा निकाली गई क्षेत्र में भ्रमण करते हुए मां शीतला चौकिया धाम पर दर्शन पूजन और यज्ञ कुंड में आहुति देने के बाद यात्रा मां शीतला पैलेस में हो रहे कार्यक्रम में समापन हुआ । कार्यक्रम के नेतृत्व कर रहे विश्व हिंदू परिषद धर्माचार्य प्रमुख विनय त्रिपाठी और अमर देव श्रीमाली नगर अध्यक्ष द्वारा संपन्न हुआ वही संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गोरखनाथ पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संत रविदास जयंती के कार्यक्रम में हम अपने जिला अध्यक्ष दिनेश मधुकर के बुलावे पर आए हैं संत रविदास एक ऐसे संत थे जिनका जन्म दलित समाज में हुआ जिनके गुरु ब्राह्मण थे उनके शिष्य झत्रिय थे उनके अनुयाई वैश्य समाज थे कार्यक्रम संपन्न होने के लिए मां शीतला चौकिया धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किये महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा सनातन पर्व है संत रविदास की जो भावना थी वह महाकुंभ में दिखाई पड़ती है जाति पाति अंगड़ा पिछड़ा दलित जैसे शब्दों का कोई महत्व नहीं है गंगा मैया में डुबकी लगाकर आनंद ले रहे हैं यही योगी आदित्यनाथ जी का सपना था हम इस सपने को साकार करने के लिए आज यहां कार्यक्रम में आए हुए हैं। इस कार्यक्रम में संजय श्रीमाली, अनिल सोनकर, प्रमेश श्रीमाली, आदि लोग रहे उपस्थित।

नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रहलाद मोदी ने किये रामलला के दर्शन

शकुन टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सगे छोटे भाई प्रहलाद मोदी ने श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला और प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में जाकर दर्शन-पूजन किया। रामलला का दर्शन और प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी में मत्था टेकने के बाद अनौपचारिक पत्रकारों से बातचीत करते हुए आज यहां कहा प्रभु राम के दर्शन करके हमारा जीवन धन्य हो गया। हमें बहुत खुशी मिली है जो कुछ अयोध्या में परिवर्तन हो रहा है यह आने वाले दिनों के लिये और अयोध्या के युवाओं के लिये बड़ा रोजगार देने वाला माहौल बन रहा है। उन्होंने कहा कि पांच सौ वर्षों के त्याग और समर्पण के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। राम मंदिर आंदोलन में जिन्होंने भी अपना बलिदान दिया है वह अमर हो गये हैं। उन्होंने महाकुंभ को लेकर कहा कि सरकार की व्यवस्थायें बहुत ही अच्छी हैं। मेरा स्वास्थ्य खराब होने के कारण मैं नहीं जा पाया, लेकिन लोगों के मुँह से अच्छा ही सुन रहा हूं। पहले जिस प्रकार से ऋषि मुनि यज्ञ करते थे उसी प्रकार महाकुंभ भी एक यज्ञ है, जिसमें पूरे देश व दुनिया के लोग आ रहे हैं। लोग वहां जाने के लिये इतने उत्साहित हैं कि पूरा मार्ग जाम हो जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जो मुझे जानकारी मिल रही है वाकई में वहां की व्यवस्था बहुत अच्छी है। जिस स्थान पर करोड़ों लोग प्रयाग महाकुंभ में, संगम में डुबकी लगा रहे हैं वह स्थान भी अद्भुत होगा। महाकुंभ पर टिप्पणी करने वालों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ऋषि मुनियों के यज्ञ में खलल डालने के लिये तमाम बाहरी शक्तियां लगी रहती थीं उसी प्रकार के लोग महाकुंभ पर टिप्पणी कर रहे हैं।

नवनियुक्त अपना दल (एस) पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। माड़ियाहूं अपना दल (एस) जिला कार्यालय में सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया जिसके मुख्य अतिथि माड़ियाहूं विधायक डा. आर.के. पटेल रहे।विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राजनाथ पटेल, प्रदेश महासचिव ललई सरोज, प्रदेश सचिव रामउजागिर मौर्या रहे अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लालबहादुर पटेल ने किया संचालन योगेंद्र पटेल ने किया विधायक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर जोरदार स्वागगत किया। और 10 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और कहा कि सभी लोग मजबूती के साथ लगकर संगठन को और मजबूत बनाये। राजनाथ पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की सपथ दिलाई। ललई सरोज ने सभी कार्यकर्ताओं को गाव में चौपाल लगाकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की बात की। और लालबहादुर ने लोग कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। और कहा कि सभी मंचों के जिलाध्यक्ष अपनी कमेटी बनाकर संगठन को मजबूत करें। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर पटेल, राजेश तिवारी, डा.मनीष यादव, मुक्तेश्वर पटेल, चद्रशेखर यादव,दया पटेल, नितेश पाठक, संजू पटेल, चांदनी सरोज, सरोजा देवी, रेखा पांडे, चंद्रकला देवी, रिंकी चौरसिया,कविता गौतम, सुनील पटेल, सोनू सिंह, सभाजीत पटेल, राकेश मिश्रा, अशोक पटेल, आशीष पटेल, सुधाकर पटेल, सार्जन पटेल, जमील शेख(जिलाध्यक्ष आई टी सेल),ऋषि जायसवाल,डा.अरुण पटेल, तूफानी पटेल, रवि गुप्ता,रवि पटेल, कमलेश सरोज,रहमत अली, कन्हैया पटेल,अनिल पटेल,सुरेन्द्र पटेल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

महाकुम्भ-2025 के पावन अवसर पर 17 फरवरी, 2025 को पूर्वोत्तर रेलवे से 21 महाकुम्भ मेला विशेष गाड़ियाँ चलाई जायेंगी

शकुन टाइम्स संवाददाता

बनारस/वाराणसी। बनारस से चलने वाली मेला विशेष गाड़ियाँ-

1.17 फरवरी, 2025 को 07108 बनारस-विजयवाड़ा मेला विशेष गाड़ी, बनारस से 17.30 बजे चलाई जायेगी। 2. 17 फरवरी, 2025 को 09556 बनारस-भावनगर टर्मिनस मेला विशेष गाड़ी, बनारस से 19.30 बजे चलाई जायेगी।

छपरा से चलने वाली मेला विशेष गाड़ी-

1.17 फरवरी, 2025 को 05125 छपरा-प्रयागराज रामबाग मेला विशेष गाड़ी, छपरा से 10.05 बजे चलाई जायेगी। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 04111, 04112, 04113, 04114, 04120, 05101, 05102 एवं 05104 रिंग रेल चलाई जा रही हैं।

झूसी से चलने वाली मेला विशेष गाड़ियाँ-

1.17 फरवरी, 2025 को 05003 झूसी-गोरखपुर मेला विशेष गाड़ी, झूसी से 07.45 बजे चलाई जायेगी। 2.17 फरवरी, 2025 को 05149 झूसी-गोरखपुर मेला विशेष गाड़ी, झूसी से 11.15 बजे चलाई जायेगी। 3.17 फरवरी, 2025 को 05110 झूसी-बनारस मेला विशेष गाड़ी, झूसी से 12.45 बजे चलाई जायेगी। 4.17 फरवरी, 2025 को 05151 झूसी-गोरखपुर मेला विशेष गाड़ी, झूसी से 15.15 बजे चलाई जायेगी। 5.17 फरवरी, 2025 को 03418 झूसी-मालदा टाउन मेला विशेष गाड़ी, झूसी से 19.15 बजे चलाई जायेगी।

प्रयागराज रामबाग से चलने वाली मेला विशेष गाड़ियाँ-

1.17 फरवरी, 2025 को 05108 प्रयागराज रामबाग-बनारस मेला विशेष गाड़ी, प्रयागराज रामबाग से 07.00 बजे चलाई जायेगी। 2. 17 फरवरी, 2025 को 05106 प्रयागराज रामबाग-बनारस मेला विशेष गाड़ी, प्रयागराज रामबाग से 16.30 बजे चलाई जायेगी।

गोरखपुर से चलने वाली मेला विशेष गाड़ियाँ-

1.17 फरवरी, 2025 को 05150 गोरखपुर-झूसी मेला विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 19.30 बजे चलाई जायेगी। 2. 17 फरवरी, 2025 को 05004 गोरखपुर-झूसी मेला विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 21.30 बजे चलाई जायेगी। 3.17 फरवरी, 2025 को 05152 गोरखपुर-झूसी मेला विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 23.45 बजे चलाई जायेगी।

इसी प्रकार, 16 फरवरी, 2025 को 16.00 बजे तक पूर्वोत्तर रेलवे से/होकर 29 मेला विशेष गाड़ियाँ, 20 नियमित ट्रेन, 03 रिंग रेल एवं 01 लम्बी दूरी की ट्रेन सहित कुल 53 ट्रेनें चलाई गईं। मेला विशेष गाड़ियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर डायल कर सकते हैं अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एन.टी.ई.एस.) वेब पोर्टल या मोबाइल एप पर प्राप्त कर सकते हैं।

अलग-अलग हादसों में किशोर समेत दो की मौत चार घायल

शकुन टाइम्स संवाददाता



बहराइच। जिले में अलग-अलग क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में किसान सहित दो लोगों की मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। रानीपुर थाना क्षेत्र में सड़क पार करते समय हादसे का शिकार हुए श्रावस्ती निवासी युवक की 20 फरवरी को तिलक और 2 मार्च को शादी थी। मौत की सूचना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। जिले के श्रावस्ती के गिलौला थाना के ग्राम पंचायत रामपुर पैड़ा निवासी राजन शुक्ला (22) शनिवार को बरात में शामिल होने के लिए रानीपुर थाना क्षेत्र के जिगनिया छत्रपाल गांव आए थे। इस दौरान रानीपुर थाना क्षेत्र में बहराइच-हुजूरपुर मार्ग पर कुट्टी चौराहा के पास सड़क किनारे पैदल जाते समय तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में राजन टायर की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के दोस्त शिवम पाठक ने बताया राजन का 20 फरवरी को तिलक समारोह था और दो मार्च को शादी होनी थी। जिसको लेकर उनके घर में तैयारियों का दौर चल रहा थ। इस बीच मौत की सूचना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। पिता अजीत अचेत हो गए। दोस्त ने बताया कि मृतक राजन फैक्टरी में बटन टांकने का काम कर अपना भरण-पोषण करता था। रानीपुर थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसी क्रम में हरदी थाना क्षेत्र के सिसैया चूरामणि गांव निवासी विनय सिंह (46) शनिवार को बहराइच से घर आ रहे थे। रास्ते में हरदी थाना के भगवानपुर चौराहा के पास बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में चली गई। हादसे में गंभीर रुप से घायल विनय को परिजनों ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भतीजे अतुल सिंह ने बताया चाचा खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे और एक बेटा व एक बेटी है। मौत से पत्नी सुनीता सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। राहगीरों के मुताबिक चालक ने हेलमेट लगा रखा था, लेकिन झटका लगने से निकल गया। वही बौंडी थाना के रानीपुरवा गांव निवासी बाइक सवार मोहम्मद सुहैल (18) अपने साथी फखरपुर थाना के मुडक़ा गांव निवासी जमालुद्दीन (26) के साथ रविवार को बहराइच नई बाइक लेने आ रहे थे। रास्ते में मरौचा के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। वहीं, कैसरगंज कोतवाली के डिहवा गांव के पास बाइक सवार गोड़ाही निवासी रवि (30), अरुण (28) को कार ने टक्कर मार दी। स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

दो अलग-अलग थाना पुलिस ने 01 किलोग्राम भांग और एक चाकू के साथ दो आरोपी को किया गिरफ्तार

श्रावस्ती। अपराधियों की धर-पकड़ अभियान में जनपद की दो अलग-अलग थाना पुलिस ने एक किलोग्राम नाजायज़ भांग और एक नाजायज चाकू के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों थानों की पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक एसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर कोतवाली भिनगा प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह थाना क्षेत्र अन्तर्गत हमराह पुलिस टीम के साथ भ्रमणशील थे। दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अन्तर्गत पचपकडी कच्चा मार्ग के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है। पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान का घेरा बंदी की।जांच के दौरान आरोपी छेदी यादव पुत्र रामरंग यादव निवासी सेमरी थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती के कब्जे से 01 किग्रा नाजायज भांग बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी पर थाना स्थानीय पर आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) सी का मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली भिनगा प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह , उपनिरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ,हेड कांस्टेबल तौसीफ खां और कांस्टेबल हरिश्याम यादव थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती शामिल रहे हैं। इसी क्रम में जिले की थाना नवीन मॉडर्न प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार सिंह हमराही पुलिस टीम के साथ भ्रमणशील थे। दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम अमारेभरिया नहर पटरी के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति की तालाशी ली।

धर्मात्मा निषाद ने की आत्महत्या

■ निषाद पार्टी के युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश सचिव थे धर्मात्मा निषाद

शकुन टाइम्स संवाददाता
अरविंद कुमार

महाराजगंज। पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नरकटहा निवासी पूर्व प्रदेश सचिव धर्मात्मा निषाद ने आत्महत्या कर लिया उन्होंने फेसबुक पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद उनके पुत्र पूर्व सांसद प्रवीण निषाद और चौरी चौरा के विधायक सरवन निषाद पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

रविवार की सुबह 9:30 बजे के करीब अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उस समय दूसरे जगह अर्ध निर्मित मकान का निर्माण चल रहा था वहीं पर मौजूद थे। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उनके तो होश ही उड़ गए। आनन फानन में फंदे से लटकती हुई शरीर को लेकर पीपीगंज के निजी अस्पताल में ले गए जहा पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। जैसे ही क्षेत्र में खबर पहुंची दूर-दूर से हजारों लोगों का जमावड़ा लग गया। घटना की

मृतक का फाइल फोटो

जानकारी होते ही समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अमरेन्द्र निषाद एवम् निषाद समुदाय के लोग गांगी बाजार ,पीपीगंज मार्ग पर धरने पर बैठ गए और मुकदमा दर्ज करने की मांग करने लगे।

धर्मात्मा निषाद लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए थे उन्हें पार्टी के युवा मोर्चा का प्रदेश सचिव बनाया गया था हाल के दिनों में उनके कैबिनेट मंत्री संजय निषाद व उनके पुत्रों से किसी बात को लेकर मतभेद चल रहा था। अपने ऊपर फर्जी मुकदमे को लेकर अपने फेसबुक आईडी पर अपनी व्यथा को लिखकर अपनी लीला समाप्त कर ली। परिजन सब को पोस्टमार्टम में ले जाने से पूर्व आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे घटनास्थल पर सीओ सदर आभा सिंह सहित चार स्थानों की पुलिस फोर्स मौजूद रही। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने कहा कि इस मामले में वह स्थानीय पदाधिकारीयो से घटना की सच्चाई पता कर रहे हैं। पूरी जानकारी के बाद अपना पक्ष रखेंगे।

पिता के आत्महत्या से सात माह की बच्ची हुई अनाथ, मासूम बच्ची टकटकी लगाए देख रही थी

क्षेत्र के निषाद पार्टी के नेता धर्मात्मा निषाद ग्राम सभा नरकटहा टोला नरकटहा खुर्द पनियरा निवासी ने रविवार की सुबह लगभग 9:30 फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले निषाद ने एक सुसाइड नोट लिखा जो फेसबुक पर शेयर किया जिसे पढ़कर लोग फोन करने लगे लेकिन फोन नहीं रिसीव हुआ जिससे लोग साथ रहने वाले अजय के पास फोन किए तब तक देर हो चुकी थी और कमरे का दरवाजा अन्दर से बन्द था जिसे तोड़कर अन्दर गए तब तक धर्मात्मा ने खुदखुशी कर लिया था। इसकी सूचना जैसे ही लोगों को मिला सैकड़ों की लोग इकट्ठा हो गए। ज्यादातर महिलाएं व पुरुष सन्तकवीर नगर जिले के मेहदावल से लोग आए थे। धर्मात्मा को चाहने वालों की संख्या हजारों में था। यह निषाद समाज व गरीब तबके लोगों के सहयोग में खुलकर सहयोग करता था तथा इनके लिए वह किसी से भी लड़ने को तैयार था जिससे लोग यह याद करके भावुक हो जा रहें थे साथ ही युवकों में इसका अलग ही क्रेज था। आत्महत्या की खबर सुनकर पहुंचे महिलाओं, युवकों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे वहीं घर पर माता रो रो कर बेहोश हो जा रही थी, पत्नी बेसुध पड़ी थी। 7 माह की बच्ची के सिर से पिता का साया छिन गया। लोग सिर्फ एक ही बात कर रहे थे कि बहुत दुखद घटना हुआ अब पत्नी व बेटी का क्या होगा अभी लगभग दो वर्ष पहले शादी हुई थी। जिसका पूरा जीवन अभी बाकी है।

संक्षिप्त सामाचार

मुआवजा की मांग को लेकर परियोजना विभाग को भेजा पत्र

महराजगंज। फर्जी तरीके से दूसरे काश्तकार के खाते में पैसा भेजने का आरोप, जांच कराकर महिला ने लगाईं न्याय व मुआवजा की मांग ।फरेंदा क्षेत्र के भगवतनगर परसिया की निवासिनी शारदा देवी ने गोरखपुर परियोजना विभाग को पत्र देकर न्याय पाने की गुहार लगाई हैं। पत्र में उल्लेख की हैं कि गाटा संख्या 129 के जमीन की सड़क चौड़ीकरण में एन एच आई 24 द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया हैं , जिसका मुआवजा फर्जी तरीके से दूसरे के खाते में निर्गत कर दिया गया है। जबकि जिसके खाते में पैसा भेजा गया वह वास्तविक काश्तकार नहीं है। उन्होंने उच्च स्तरीय जांच कराकर मुआवजा की मांग की है।

हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की इलाज के दौरान मौत

बहराइच। हत्या के मामले में बहराइच जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी की रविवार को मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत एलासापुर अगैया गांव निवासी फैयाज अली (40) मुद्दीन जिला कारागार में निरुद्ध था। वह वर्ष 2015 में हुई हत्या के मामले में जेल में बंद था। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि बंदी को हत्या के मामले में 29 फरवरी 2024 को आजीवन करावास की सजा हुई थी। साथ ही 20 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया गया था। आजीवन करावास की सजा काट रहे सिद्ध दोष बंदी के सीने में दर्द हुई। जिस पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। रविवार दोपहर में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस-बदमाश की मुठभेड़, अपहरण के आरोपी को पैर में गोली मारी

बस्ती। जिला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपहरण के मामले में वांछित अपराधी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। 16 फरवरी 2025 को बबुरहवा टोल प्लाजा के पास बाबा ढाबा के पीछे हुई इस मुठभेड़ में थाना छावनी, थाना मुंडेरवा, स्वाट टीम और एसओजी टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। मुठभेड़ में 20 वर्षीय अभियुक्त शनि शर्मा, जो कीर्तिपुर थाना पैकोलिया का रहने वाला है, के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल अभियुक्त को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके से 315 बोर का तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया। शनि शर्मा के खिलाफ थाना मुंडेरवा में मु0अ0सं0 36ध्2025 धारा 140(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज था।

टैंकर और पिकअप वैन की टक्कर, आमने-सामने हुई भिडंत में चालक गंभीर घायल

बस्ती। जनपद में नगर बाजार के पोखरनी तिराहे पर एक पिकअप वैन और टैंकर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप वैन के चालक को गंभीर चोटें आईं, जबकि टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, यह घटना 16 फरवरी 2025 को हुई। दुर्घटना में शामिल पिकअप वैन (डीएल 1एलएएल 1749) कलवारी से बस्ती की ओर जा रही थी, जबकि टैंकर (यूपी 78/3917) विपरीत दिशा से आ रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वैन के परखच्चे उड़ गए।

फंदे से लटकता मिला युवती का शव, परिजनों में मचा कोहराम, जांच में जुटी पुलिस

शकुन टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज/गोंडा। गोंडा के नवाबगंज थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर उपाध्याय गांव में रविवार को एक युवती का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर उपाध्याय गांव को रहने वाले प्रेमनारायण पांडेय की पोती पूजा पांडेय (20) का शव रविवार की सुबह घर के अंदर कमरे के छत के कुंडे लटका हुआ पाया गया। परिजनों ने बताया कि शनिवार की रात्रि में खाना खाने के बाद कमरे में सोने चली गई थी। सुबह जब देर तक नहीं उठी तो कमरे के अंदर झांक कर देखा गया। कमरे में पूजा का शव लटकता देख परिजनों के होश उड़ गए। तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे में कुंडे में दुपट्टा के सहारे लटक रहे पूजा के शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

घटना की सूचना पाकर सीओ उमेश्वर प्रभात भी फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले की छानबीन की।

झोलाछाप के गलत इलाज से बुजुर्ग के पैर में फैला इंफेक्शन, काटने की आई नौबत

शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

शकुन टाइम्स संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के मजरा लोनियनपुरवा निवासी एक बुजुर्ग ने गांव के झोलाछाप के यहां इलाज कराया। झोलाछाप ने कुछ माह इलाज किया लेकिन कोई फैदा नहीं मिला और इंफेक्शन पूरे पैर में फैल गया है। स्थिति खराब होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां डॉक्टर द्वारा पैर काटने की बात कही

गई है। मामले की शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी छोलाछाप के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के मजरा लोनियनपुरवा निवासी भोंदू (55) की तबियत खराब हुई। जिस पर वह गांव में स्थित एक झोला छाप के फार्मा क्लीनिक पर पहुंच गए। झोलाछाप ने लगभग दो माह तक इलाज किया। जिसका हजारों में रुपये भी वसूला। लेकिन गलत इलाज के चलते वृद्ध के पैर में इन्फेक्शन फैल गया। जिस पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वृद्ध के बेटे मुलुक राज ने जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि जिला मुख्यालय पर दिखवाने के दौरान डॉक्टर ने पैर में इन्फेक्शन फैलने और समय पर पैर काटने की बात कही। इस पर उसने थाने में तहरीर देकर केस दर्ज करने और सीएमओ से जांच के बाद कार्यवाई की मांग की है। लेकिन डीएम के निर्देश के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक कोई जांच नहीं हुई है। इस मामले में सीएमओ डॉ संजय कुमार शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया जांच के बाद झोला छाप के विरुद्ध केस दर्ज करवाया जायेगा।

कैम्पियरगंज चौमुखा की सड़क होगी चौड़ी बैठक में बनीं सहमति

साप्ताहिक बंदी पर नहीं बन पाई सहमति, आठ मीटर के अन्दर सड़क के दोनों तरफ होगा नाली निर्माण

शकुन टाइम्स संवाददाता

कैम्पियरगंज/गोरखपुर। चौमुखा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल सिंह एवं नगर वासियों की हुई बैठक में मेन बाजार चौमुखा के सड़क को चौड़ीकरण को लेकर आम सहमति तो बन गई लेकिन साप्ताहिक बंदी पर आम सहमति नहीं बन सकीं जिससे फिल हाल नगर पंचायत में साप्ताहिक बंदी अभी नहीं हो सकेगी। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को चौमुखा बाजार स्थित राम-जानकी मंदिर के परिसर में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल सिंह ने नगर पंचायत के आम नागरिकों तथा व्यापारियों की एक खुली बैठक बुलाकर बाजार के सड़क मार्ग के चौड़ीकरण एवं नगर पंचायत की दुकानों की साप्ताहिक बंदी को लेकर सभी के विचार मांगे गये जिसमें नागरिकों ने बाजार के सड़क मार्ग को सीमांकन कराकर उसे चौड़ीकरण

करने पर अपनी सहमति दे दी लेकिन साप्ताहिक बंदी पर सहमति नहीं बन पाई। बैठक में उपस्थित लोगों ने बाजार मार्ग को काफी संकरा हो जाने के कारण चौड़ी करण को आवश्यक बताया और करीब आठ मीटर के अन्दर चौड़ी करण करने पर अपनी सहमति दी। बैठक में उपस्थित चेयरमैन प्रतिनिधि गोपाल सिंह एवं पूर्व प्रधान ओमप्रकाश प्रधान, प्रमुख नगर व्यवसायी पंकज मातनहेलिया, हजारी लाल जायसवाल, अमित जैसवाल (सभासद), समाजसेवी अखिलेश जैसवाल, अवनीश मद्धेशिया (एडवोकेट)राकेश पाण्डेय,दीपू मद्धेशिया, शिवप्रसाद साहू, सुरेन्द्र प्रताप सिंह,अनिल कुमार, शिवशंकर जैसवाल, अर्जुन प्रसाद, राम किशुन, सतीश बर्नवाल,आशीष जैसवाल जितेन्द्र कुमार,सहित सैकड़ों लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाजार चौड़ीकरण को लेकर नगर पंचायत द्वारा आठ मीटर के अन्दर ही सीमांकन करायें जाने की बात कही, जिसपर उपस्थित लोगों ने अपना समर्थन दिया । बैठक को संबोधित करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि गोपाल सिंह ने कहा कि वह अपने नगर पंचायत की समस्याओं को लेकर रुबरु हैं लेकिन वह आम सहमति एवं सबके सहयोग से विकास कार्य को करने में रुचि रखते हैं इसलिए आम लोगों की बैठक करा कर उनके विचार लिए गये है। उन्होंने कहा कि बाजार में चौड़ीकरण को लेकर विकास कार्य में होने वाले तोड़ फोड़ को बिना किसी भेद भाव के किये जायेंगे किसी के साथ कोई भेद-भाव नहीं होगा गस लिए वे अपील करते हैं कि नागरिक स्वयं अपने अतिक्रमण का तोड़ फोड़ कराकर सड़क मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर सहयोग प्रदान करें। श्री सिंह ने बताया कि बैठक में सभी सम्भ्रांत नागरिक समुदाय के लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर नगर पंचायत के विकास कार्य में सहयोग करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आज थोड़ी तकलीफ़ जरुर होगी लेकिन कल का भविष्य उज्जवल एवं सुखद अहसास करायेगा। बैठक में मनोज जैसवाल, बृजेश जैसवाल, विजय जैसवाल, अंकित श्रीवास्तव, त्रिवेणी प्रसाद, लालजी जैसवाल, बैजनाथ जैसवाल, संजय कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

आनंद नगर रेलवे स्टेशन का डीएम ने किया दौरा, जांची सुरक्षा व्यवस्था

शकुन टाइम्स संवाददाता

महाराजगंज। जिलाधिकारी अनुनय झा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा महाकुंभ व अगामी त्यौहारों के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन आनंदनगर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। दोनो वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टेशन पर एंट्री-एग्जिट प्वाइंट, सहित प्लेटफार्म, टिकट घर आदि का निरीक्षण किया और ट्रेनों के समय सारिणी विशेषकर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने प्लेटफार्मों की संख्या के बारे में भी पूछा। स्टेशन मास्टर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 03 प्लेटफॉर्म स्टेशन हैं, जिन पर रेलगाड़ियों का परिचालन होता है। जिलाधिकारी ने आरपीएफ व जीआरपी के अधिकारियों से वार्ता कर प्लेटफार्मों पर भीड-भाड़ के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए गए।

उन्होंने रेलवे स्टेशन पर समय पर और सही सूचना की उद्घोषणा हेतु स्टेशन मास्टर को निर्देशित किया। कहा कि स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन हेतु एकीकृत और समन्वित ढंग से कार्य करें स्टेशन पर अनावश्यक रूप से लोगों को एकत्रित न होने दें। किसी आकस्मिक स्थिति की दशा में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने छुट्टियों के दिन और विशेष दिनों में अतिरिक्त पुलिस बल को स्टेशन पर तैनात करने हेतु निर्देशित किया। कहा कि किसी भी स्थिति में स्टेशन पर अव्यवस्था या अत्यधिक भीड़ न होने पाए। निरीक्षण के दौरान एसओ फरेंदा प्रशांत कुमार पाठक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सफलता का मूल मंत्र है अच्छी शिक्षा

मन्नान खां विद्यालय पर छात्रों का हुआ विदाई समारोह

शकुन टाइम्स संवाददाता

पनियरा (महराजगंज)। सफलता का मूलमंत्र है अच्छी शिक्षा । जब आपको अच्छी शिक्षा मिलेगी और आप उसे ग्रहण करेंगे तो उतनी ही अच्छी आपको सफलता मिलेगी । ये बातें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व भाजपा के मण्डल अध्यक्ष उमेश प्रजापति ने मौजूद छात्र / छात्राओं को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा से आप सब जरा सा भी घबराएं नहीं धैर्य रख कर परीक्षा दें । आप सबके साथ सभी गुरुजनों , माता व पिता सहित सभी की दुआ साथ मे हैं । उन्होंने कहा कि मेहनत व लगन कभी भी बेकार नही जाती इसलिए आप सब परीक्षा की तैयारी को मन लगा कर करिए आप अच्छे नम्बरो से पास होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबन्धक आफाक आलम उर्फ सैफ खां ने कहा कि आप सभी के साथ विद्यालय परिवार हमेशा खड़ा

रहेगा। आप कहीं भी पढ़े अच्छी शिक्षा लें और सफलता की ऊंचाइयों को पार करें यही उनकी मनोकामना है। उन्होंने कहा कि महज डिग्री हासिल कर लेना ही शिक्षा नही होती असली शिक्षा वह है कि आप हमेशा अपने से बड़ो का सम्मान करते रहिए। उन्होंने कहा कि गरीब छात्राओं की शिक्षा पैसे के अभाव में रुकने न पाए इसके लिए गरीब बच्चो को हर सम्भव सहयोग उनके द्वारा किया जाता है। शिक्षा से कार्यक्रम में कक्षा कक्षा 10 व कक्षा 12 के सभी छात्र / छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र / छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। अंत मे विद्यालय के प्रधानचार्य आफताब आलम खां ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया । इस दौरान ज्वालेश्वर सिंह , शिक्षक राजेन्द्र सिंह , रामनरायन सिंह , जयनाथ प्रजापति , मो सैफ , सुनील गुप्ता , अब्दुल्ला , मदनमोहन सिंह , अमरीष वर्मा , देवीदीन प्रजापति , एमपी सिंह , पूनम सिंह , माया वर्मा , नुरचश्मी , पुष्पा , पुनीता आदि लोग मौजूद रहे।

बौद्ध धम्म व बुद्ध के आर्थिक सिद्धान्त पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय व्याख्यान श्रृंखला का पंचम दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर में संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति अभिरूचि पाठ्यक्रम के सप्त दिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान श्रृंखला के पंचम दिवस का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

व्याख्यान श्रृंखला में रविवार के विषय दुनिया को रोशन करता बौद्ध धम्म एवं बुद्ध के आर्थिक सिद्धान्त रहा। जिसके मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ आचार्य डॉ. राजेश चन्द्रा रहे। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर रामनरेश चौधरी, पूर्व संकाय अध्यक्ष, विधि संकाय, गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं डॉ. योगश प्रताप सिंह, उप निदेशक, अशफाक उल्ला खॉ प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) गोरखपुर की उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ.

सुजाता गौतम, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी व कार्यक्रम का सफल संचालन रीता श्रीवास्तव, दूरदर्शन एवं आकाशवाणी कलाकार, गोरखपुर ने किया। प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ. राजेश चन्द्रा ने दुनिया को रौशन करता बुद्ध धम्म पर विस्तारपूर्वक अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पालि ग्रन्थों में बुद्ध को आदित्यबन्धु, आदित्यवंशी कहा गया है। सूर्य नष्ट नहीं होता, एक जगह वह अस्त होता दिखता है, ठीक उसी समय वह कहीं उदय हो रहा होता है। इसके पूर्व अतिथियों को संग्रहालय की ओर उप निदेशक डॉ. यशवन्त सिंह राठौर ने सिंदूर पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया। सोमवार के कार्यशाला की जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम सत्र में मथुरा की बौद्ध कला विषय पर प्रोफेसर डॉ. सुजाता गौतम, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, बीएचयू, वाराणसी तथा दूसरे सत्र में '' पुरातात्विक साक्ष्यों के परिपेक्ष्य में संस्कृति और सभ्यता विषय पर डॉ. अनिल कुमार वाजपेयी, प्राचार्य, अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कालेज, मथुरा का व्याख्यान होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप प्रमुख रूप से डॉ.प्रमोद कुमार त्रिपाठी, नवनीत मिश्र, शिवनाथ, रीता श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव, वैभव सिंह, नितेश कुमार सहित

एसएसपी के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन का सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर के नेतृत्व में गोरखपुर रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा संबंधित अधिकारियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश यात्रियों से एसएसपी ने लिया जानकारी इस दौरान पुलिस अधीक्षक जीआरपी संदीप कुमार पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक संजय कुमार क्षेत्राधिकारी कैंट योगेंद्र कुमार सिंह सहित जीआरपी, आरपीएफ पुलिस सिविल पुलिस रही मौजूद।

मां गंगा को अविरल और निर्मल बनाये रखें

स्नान के साथ सफाई का भी ध्यान दें

शकुन टाइम्स संवाददाता

चहनियाँ/चंदौली। मकर सक्रांति से लेकर चल रहे महाकुंभ का प्रतिदिन स्नान से बलुआ घाट पर भीड़ लग रही है। लोग घाट पर प्लास्टिक,साबुन के कागज,शैम्पू के कागज आदि फेंककर गंदगी फैला रहे है। गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने गंगा में गंदगी न करने की अपील किया है। घाट जल्द ही जगह जगह डस्टबीन लगेगा। इसके लिए जिलाधिकारी से जल्द मिलेंगे। कहा कि मां गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाये रखने के लिए बीस साल पहले हमने गंगा सेवा समिति का गठन किया। हर वर्ष गंगा महोत्सव कराने का भी यही उद्देश्य है कि लोग मां गंगा को स्वच्छ रखे । मां गंगा को स्वच्छ रखने के लिए सरकार से

लेकर जनपद के आला अधिकारी भी अभियान चला रहे है। गंगा में स्नान करे किन्तु गंगा में पूजा सामग्री,राख, सड़े गले पुष्प,खंडित मूर्तिया,फटे कैलेंडर पोस्टर,साबुन और शैम्पू प्रवाहित न करे।

गंगा किनारे शव का अंतिम संस्कार केवल अग्नि में करे, शव को गंगा में प्रवाहित न करे । गंगा तट पर स्नान घाट व आरती स्थल व सहित आसपास सम्पूर्ण स्थल पर प्लास्टिक न फैलाये। कूड़े कूड़ेदान में ही डाले गंगा न प्रवाहित करे। गंगा किनारे भण्डारा, भोजन,जलपान करने के पश्चात गड्ढे में डाले गंगा में विसर्जन न करे। गंगा स्नान करते समय शैम्पू व साबुन का प्रयोग न करे। कोई भी वाहन गंगा में धोना कानूनन अपराध है। आओ हम सब मिलकर गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प ले।

सामूहिक विवाह में 11 जोड़ों ने रचाई शादी लोगों ने दिया आशीर्वाद

शकुन टाइम्स संवाददाता

मोहम्मदाबाद/गाज़ीपुर। मुहम्मदाबाद गोहाना मऊ ब्लॉक क्षेत्र देवल मुनि की तपोभूमि देवलास पर स्थापित संत सुघर दास महराज मंदिर प्रांगण में रविवार की दोपहर स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान देवलास के तरफ से सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वान ब्राह्मण श्यामसुंदर पाण्डेय, विजयशंकर पाण्डेय द्वारा विधिपूर्वक वेदमंत्रों के बाद क्षेत्र के 11 जोड़ी वर वधूओ ने एक दूसरे का हाथ थामकर सात फेरे लिए और मंदिर में स्थापित शिव पार्वती मूर्ति को साक्षी मानकर जीवन भर साथ रहने की कसम खाई विवाह उत्सव के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ब्लॉक प्रमुख रानू सिंह डायरेक्टर मार्स आर्बिट इंटरटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड गोरखपुर विक्की यादव रहे ।कार्यक्रम मे उपस्थित भोजपुरी गायक संजय लाल,राजीव शर्मा,सर्वेश सिंह व विवाह समारोह

में सामिल महिलाओं ने मंगलगीत गाया। शादी समपन्न होने के बाद संस्था की तरफ से वर वधुओं को एक सेट बेड, गद्दा, रजाई, बेडसीट,तकिया ,कुर्सी,श्रींगार,बाक्स के साथ श्रींगार का सामान साड़ी बर्तन दिवाल घड़ी कलाई घड़ी अटैची बाक्स सहित विदाई का अन्य सामान दिया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अरिजीत सिंह विपीन चौहान हरिनाथ प्रसाद हृदयनारायण यादव जयभीम कुमार रामबीर अभिषेक यादव रवि यादव संजय यादव देवेन्द्र डाक्टर राममूरत यादव कर्मचारी संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतेन्दु यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष सैथवार मल्ल भारत ज्योति सिंह गुड़िया जिलाध्यक्ष गोरखपुर एसपी सिंह सहित अन्य लोग सामिल रहे।

संक्षिप्त सामाचार

चोथे दिन कथा जारी

इटावा। महेरा फाटक के पास विष्णु हरिपुरम् में चल रही भागवत कथा रविवार को चौथे दिन व्यास पीठ से कथा वाचक आचार्य साकेत बिहारी दीक्षित में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई तो सारा वातावरण कृष्णमय हो गया। आचार्य प्रवर ने ने बताया कि लीला पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण के अवतार लेते ही लीलाएं प्रारंभ हो गई मथुरा में कंस के कारागार में देवकी और वासुदेव के समक्ष प्रकट होकर प्रभु ने अद्भुत लीला का संकेत दे दिया था और कारागार में सभी रक्षक सो गए और हथकड़ी बेड़ियां और ताले खुल गए। वसुदेव नवजात शिशु रूप परमेश्वर को लेकर के यमुना पार गोकुल पहुंचे, मूसलाधार वर्षा और उफनाती यमुना को पार करते समय यमुनाजी की लहरों द्वारा प्रभु के चरण स्पर्श की लालसा का प्रसंग आचार्य श्री ने रोचक ढंग से प्रस्तुत किया और बताया कि वसुदेव जी ने गोकुल में यशोदा की नवजात कन्या को ले लिया और बालक को उनके पास सुला दिया। कथा रसिक हरिदास विनोद कुमार द्विवेदी ने बताया जैसे ही नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की का संगीत में ढंग से गायन प्रारंभ हुआ वैसे ही वहां उपस्थित श्रद्धालु जन नाचने और बधाई देने लगे श्रोताओं में श्री कृष्ण जन्म पर उपहार भी बांटे। परीक्षित के रूप में अशोक कुमार दीक्षित व श्रीमती मिथिलेश दीक्षित तथा उनके परिजनों द्वारा आयोजित इस अनुष्ठान में कथा विश्राम 19 फरवरी बुधवार को होगा और अगले दिन 20 फरवरी गुरुवार को पूर्ण आहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

मुंशी, मौलवी व आलिम की परीक्षा 17 से

इटावा। उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुन्शी/मौलवी (सेकेण्डरी) तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) कक्षाओं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 22 फरवरी के मध्य आयोजित होंगी। उक्त आशय की जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि सम्बन्धित उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र तथा परीक्षा कार्यक्रम मदरसा कार्यालय से प्राप्त कर परीक्षा में शामिल हों। उन्होंने बताया कि मुंशी/ मौलवी (सेकेंडरी) की समस्त परीक्षायें प्रत्येक दिन प्रथम पाली में प्रात: 8:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की परीक्षा दूसरी पाली में दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र मदरसा अरबिया कुरानिया, कटरा शहाब खाँ, इटावा में आयोजित होंगी। परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा परीक्षा को नकल विहीन और शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा वाह्य सचल दल की तैनाती की गयी है।

कालिका मंदिर के सेवादार व उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला डेढ माह बाद नामजद आरोपियों के विरुद्ध दर्ज हुआ।

बकेवर। लखना कस्बे के ऐतिहासिक कालका देवी मंदिर के सेवादार और उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला पुलिस ने डेढ़ माह बाद दर्ज कर जांच शुरू की। थाना क्षेत्र के भीमनगर निवासी सत्येन्द्र उर्फ नीशू लखना कस्बा स्थित कालकाजी मंदिर में सेवादारी का कार्य देखते हैं । उनके द्वारा पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि वह 25 नवंबर 2024 की शाम आठ बजे अपनी पत्नी बाबी के साथ अपने गांव भीमनगर मामी के त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था कि रास्ते में पहले से ही घात लगाए ई रिक्शा में बैठे सुमित कुमार पुत्र विनोद निवासी मड़ैया सुनील,सुनीत पुत्रगण महेश निवासी रानी साहिबा का हाता लखना ने उनको और उनकी पत्नी को घेर लिया और भद्दी गालियां देने लगे उसने जब गालियां देने से मना किया तो तीनों आरोपित उसके साथ मारपीट करने लगें जिसपर वह मदद में चीखा चिल्लाया तो उसका भाई अन्य गांव के लोगो के साथ मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए।

दिल्ली में भगदड़ के बाद मऊ में प्रशासन हुआ मुस्तैद

शकुन टाइम्स संवाददाता

मऊ। मऊ जंक्शन के रेलवे स्टेशन पर दिल्ली की भगदड़ की खबर को लेकर आरपीएफ और जीआरपी की पुलिस एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही वही नाराज यात्रियों ने ट्विटर हैंडल पर शिकायत करने की बात कही आपको बता दे की कुंभ मेले को लेकर दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में भगदड़ हो गई जिसमें कुछ यात्रियों को जान से हाथ धोना पड़ा यह खबर आग की तरफ फैल गई जिसको लेकर मऊ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा हेतु आरपीएफ और जीआरपी एवं सिविल पुलिस ने पूरे रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री ने भी रेलवे स्टेशन का जायजा लिया जहां देखा गया की लक्ष्वी एक्सप्रेस के एसी कोच से लेकर के तमाम कोच खचाखच भरे हुए दखे गए वही आपको बता दे की

देवरिया जिला की एक यात्री नाराज होते हुए मीडिया को बताया कि हम जैसे सामान्य लोग महीना पहले टिकट करते हैं ताकि हमारे सीट रिजर्व हो और हम आराम से जर्नी कर सकें लेकिन मऊ रेलवे स्टेशन पर टिकट वाले प्लेटफार्म पर है और बिना टिकट वाले ट्रेनों में घुसकर सफर कर ले रहे हैं और रिजर्वेशन वाले का प्रशासन द्वारा कोई सहयोग नहीं मिल रहा है और प्रशासन पूरी तरह लाचार है आज मेरा लिक्ष्वी एक्सप्रेस की में मेरा टिकट था किसी तरह से गेट तक बीवी और बच्चों को ट्रेन पर चढ़ा पाया हूं मेरी ट्रेन छूट गई है प्रशासन ने भी कोई मदद नहीं की मैं इसकी शिकायत ट्विटर हैंडल पर मंत्री जी से करूंगा।

माता शुभांगी देवी और श्री राम अवतार ब्रह्म बाबा के वार्षिक उत्सव में रासलीला का मंचन

शकुन टाइम्स संवाददाता

चहनियाँ /चंदौली। फूलवरियां ग्राम सभा में चल रहे मां शुभांगी देवी तत्व पुत्र राम अवतार ब्रह्म बाबा का 13वां चार दिवसीय श्रृंगार महोत्सव में रासलीला का मंचन किया गया। यह मंचन श्री ब्रज बहुलावन लीला संस्थान वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा हुआ। जिसमे स्वामी श्री घनश्याम जी महाराज एवं दिनेश ठाकुर जी महाराज द्वारा संचालन किया गया। इसमें मीराबाई के जीवन और उनके प्रेम की कहानी को दर्शाया गया था। उत्सव में हजारों श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया और रासलीला के मंचन का लुफ्त उठाया। उन्होंने श्री ब्रह्म बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके दर्शन किए। 12:00 से हवन पूजा हुआ और 3:00

बजे से 7:00 बजे शाम तक श्री उपेंद्रनाथ भारद्वाज व्यास जी द्वारा प्रवचन हुआ। रासलीला में मीराबाई के चरित्र को दर्शाया गया था, जो कृष्ण की भक्त थीं और उनके प्रेम में अपना जीवन समर्पित कर दिया था। मीराबाई की कहानी प्रेम, समर्पण और भक्ति की एक अद्भुत मिसाल है और यह रासलीला उनके जीवन को एक नए और रोमांचक तरीके से दर्शाती है। उत्सव में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु भक्तों ने रासलीला के मंचन की बहुत प्रशंसा की और कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव था। उन्होंने श्री ब्रह्म बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके दर्शन किए। उत्सव श्रद्धालु भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामसेवक उपाध्याय राम उपाध्याय संजय उपाध्याय राहुल उपाध्याय अमित उपाध्याय राजन उपाध्याय अतुल आशुतोष आकाश प्रिंस दिनेश सूरज रामकृष्ण आदि लोग कमेटी के लोग रहे।

वन्दना एजूकेशनल वेलफेयर सोसायटी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम, होनहारों का किया गया सम्मान

वंदना एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी में धूमधाम से मना 17वा वार्षिकोत्सव समारोह

शकुन टाइम्स संवाददाता

सिकंदरपुर/बलिया। क्षेत्र के रहिलापाली स्थित वंदना एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के प्रांगण में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं का भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव रहें जबकि विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी सिकंदरपुर रवि कुमार पासवान रहें । मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आने वाले समय में हर बाधाओं को पार कर अपने मकसद में सफल होने की कामना करते हुए कहा कि वन्दना कोचिंग वेलफेयर सोसाइटी जिस तरह गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए काम कर रही है यह अपने आप में बहुत ही काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि इस कोचिंग संस्थान को

भविष्य में किसी भी प्रकार की अगर सहायता की जरूरत पड़ी तो मैं इसके लिए सदैव तत्पर रहूंगा। वहीं विशिष्ट अतिथि ने कहा कि छात्र-छात्राओं की कभी विदाई नहीं होती बल्कि आगे आने वाले जीवन में समाज के प्रति और ज्यादा संस्कारवान अपने लक्ष्य को हासिल करने की प्रक्रिया है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को भावी भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने हाथों से लगभग 200 बच्चों को परीक्षा पैड, समय सारणी और मेडल देकर विदा किया। इस अवसर पर डॉ उदय पासवान प्राचार्य, भगवान पाठक पूर्व विधायक, सुशील कुमार प्राथमिक शिक्षक संघ व नगर अध्यक्ष,भाजपा नेता सतेन्द्र राजभर,समाजसेवी जयराम पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष आकाश तिवारी,डॉ आशुतोष गुप्ता, क्षितिज सिंह मंडल अध्यक्ष, डॉ उमेश चंद, के.के सर नोडल अधिकारी, ऐडवोकेट जितेश सोनी, नरेश मलिक थाना सिकंदरपुर निरीक्षक, चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, जहीर आलम अंसारी पूर्व प्रधानाचार्य, धनंजय मिश्रा, लाल बच्चन तिवारी,सोनू कुमार, भूपेंद्र सर,अवधेश माली आदि मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा , 22 को भंडारा

शकुन टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर / निगोही। क्षेत्र के गांव तिन्दुलिया स्थित मां आदिशक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से किया गया. मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश यात्रा निकली गई. कथा का समय दोपहर 2:00 से साय 5:00 तक रहेगा और संध्या कल कार्यक्रम 8:00 से 10:00 बजे तक रहेगा आज से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है। श्रीमद्भागवत गीता न केवल धर्म का उपदेश देती है, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाती है। महाभारत

के युद्ध के पहले अर्जुन और श्रीकृष्ण के संवाद लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। गीता के उपदेशों पर चलकर न केवल हम स्वयं का, बल्कि समाज का कल्याण भी कर सकते हैं। छोटी काशी के प्रख्यात कथा व्यास वलसिंह के द्वारा भक्तों को भगवान की पावन कथा सुनायी जायेगी। कार्यक्रम के संयोजक विजेंद्र सिंह यादव, ने क्षेत्र व आसपास के सम्मानित नागरिकों से कार्यक्रम में प्रतिभाग की अपील की है।

किराना व्यापारी का अपहरण कर मारपीट व फिरौती मांगने में दो गिरफ्तार

शकुन टाइम्स संवाददाता

फर्रुखाबाद। किराना व्यापारी का अपहरण करनें के बाद उससे फिरौती मांगने के मामले में पुलिस नें मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब दो और को पुलिस तलाश कर रही है। पड़ोसी जनपद शाहजहाँपुर के अल्लागंज मोहल्ला अधुई निवासी राजन शुक्ला पुत्र अरुण कुमार शुक्ला नें शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। जिसमे कहा कि बीते 14 फरवरी को वह अपनी बहन रेनू शुक्ला पत्नी विष्णु दत्त शुक्ला निवासी नाला मछरटटा इ घर तिलक के कार्यक्रम में शामिल होनें आया था, वह चार बजे शाम को चौक चौराहे पर कपड़े खरीदने के लिए खड़ा था। उसी दौरान एक लड़का बाइक से आया और उसने कहा की वह पास में ही नुनहाई मोहल्ले का रहने वाला है और एक माल में काम करता हूँ, जिसमें भारी छूट चल रही है। वह राजन शुक्ला को अपने साथ लेकर चला गया। पक्के पुल के निकट बाइक पर पीछे एक युवक और आकर बैठ गया, पीछे वाले युवक नें बाइक पर बीच में बैठे राजन को कुछ सूंघा दिया,जिससे वह बेहोश हो गया। राजन का कहना है कि जब आँख खुली तो वह एक कमरे में निर्वस्त्र पड़ा था और उसके सामने चार लड़के खड़े थे, जिसके एक के हाथ में तमंचा और तीन के हाथ में डंडा था। उन्होंने निर्वस्त्र कर वीडियो बनाया और वायरल करने की धमकी दी यदि 5 लाख रूपये नन्ही दिये तो वायरल कर देंगे। यदि नही दिया तो फिर नंग्गा करके चौराहे पर गोली मार देंगे। आरोपियों नें घर वालों को फोन करनें को कहा, राजन नें कहा कि उसके पास 3600 रूपये पड़े है उसको लेलो और छोड़ दो। इस पर आरोपियों नें उसके साथ जमकर डंडा बेल्टों बट से मारपीट कर दी। इसके बाद अपने परिचितों और परिजनों से फोन कर रूपये मंगवाये, इसके बाद एक युवक नें राजन के फोन से 25000 रूपये कुशाग्र मिश्रा नाम के युवक के खाते में ट्रांसफर कर लिये। इसके साथ धमकी देकर अल्लागंज में दुकान चलानें के नाम पर 10 हजार रूपये महीने रंगदारी मांगी। उसके बाद आरोपियों नें 3600 रूपये लेकर मुंह में कपड़ा बांधकर चौक पर कही छोड़ दिया। उसके बाद राजन अपनी बहन के घर आकर सो गया। उसके बाद फिर आरोपियों नें फोन कर रंगदारी मांगी। और बस अड्डा लाल दरवाजा पर राजन को बुलाया

फिरौती लेनें आये आरोपी पुलिस के जाल में फंसे

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को जब पूरे मामले की जानकारी हुई।

तिंदवारी नगर पंचायत द्वारा संचालित गौशाला से सभी गौशाला संचालक ले सकते हैं प्रेरणा

शकुन टाइम्स संवाददाता

बांदा। आज विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति अपनी टीम के साथ तिवारी नगर पंचायत द्वारा संचालित गौशाला में पहुंच कर देखा कि गौशाला में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं उपलब्ध है जैसे की हरा चारा गेहूं का भूसा पौष्टिक आहार आदि सभी प्रकार की व्यवस्था मिली और देखा की गौशाला में कितने सुंदर आकृति बनाकर सजाया गया है जिससे आप अभी देख कर अचंभित रह जाएंगे आगे जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि इस प्रकार की गौशाला संचालित करने से आम जनमानस के बीच में भी अच्छा मैसेज जाता है जिससे वह गौशाला में जाकर स्वयं दान कर सकता है और आगे उन्होंने बताया कि अधिकतर गौशालाओं में सिर्फ सुखी पराली खिलाकर गोवंशों को जिंदा रखा जा रहा है और गौशालाओं में संख्या बढ़ाकर डिमांड लगाई जा रही है

लगातार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती कई गौशालाओं की संख्या भी कराकर अवगत भी कराया गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कराई गई आगे तिंदवारी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश चंद साहू ने बताया कि जिस प्रकार गौ सेवा करना मेरा पहला धर्म है इस प्रकार सभी को गौ सेवा करने का पहला धर्म होना चाहिए लेकिन लोग गौशाला के नाम पर सिर्फ पैसा लूटा जा रहा है जिसे कहीं ना कहीं सरकार की छवि खराब हो रही है और गोवंशों को भूख मारा जा रहा है।

तीन मंजिल निर्माणाधीन मकान से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता

फर्रुखाबाद/जहानगंज। तीन मंजिल निर्माणाधीन मकान से गिरकर राजमिस्त्री बुरी तरह घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती किया गया। जहाँ चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम मेदा श्याम निवासी 25 वर्षीय आशीष कुमार जाटव पुत्र नरेंद्र सिंह ग्राम घाटमपुर में निर्माणाधीन मकान में लेटर का गाटर हटानें के दौरान अचानक नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में 108 एम्बुलेंस से सीएचसी कमालगंज भेजा गया। सीएचसी में चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया। राजमिस्त्री आशीष की मौत पर परिजन आक्रोशित हो गये, उन्होंने शव रखकर जाम लगानें की योजना बनायी, जिससे पुलिस एलर्ट हो गयी। पुलिस और मृतक के परिजनों में जमकर नोकझोंक हुई। बाद में

पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी माधुरी, माँ शर्मिला देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया । सीएचसी में थानाध्यक्ष कमालगंज अनुराग मिश्रा, थानाध्यक्ष जहानगंज जितेन्द्र पटेल आदि मौके पर पंहुचे।

सीजेए की ऑनलाइन बैठक में हुई मीडिया कार्यशाला, संगठन व पत्रकारिता पर हुई चर्चा

साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी रहे मुख्य अतिथि

- एनडीटीवी इंडिया के निशात रज़ा सिद्दीकी ने दी मीडिया क्लास
- भाजपा प्रवक्ता आशीष तिवारी ने मीडिया के प्रति रखी सरकार की सोंच

शकुन टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) की ऑनलाइन गूगल मीट में संगठन चर्चा के साथ ही मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन बैठक के माध्यम से वर्तमान समय में पत्रकारिता एवं खासकर डिजिटल मीडिया की पत्रकारिता पर फोकस रखते हुए मीडिया टिप्स दिया गया। बताते चलें कि पत्रकारों एवं कलमकारों के शीर्ष संगठन साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) की ऑनलाइन बैठक का



आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी ने किया जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता आशीष तिवारी ने उपस्थिति दर्ज करते हुए पत्रकारों के साथ वर्तमान की भाजपा सरकार की रणनीति पर खासा चर्चा किया। चर्चा के दौरान श्री तिवारी ने बताया कि पत्रकारों को अपना काम अपने विवेक एवं पत्रकारिता धर्म से करना चाहिए न कि किसी के बहकाने एवं बरगलाने में करना चाहिए। वहीं देश में मीडिया को चौथा स्तंभ घोषित करने, मीडिया आयोग का गठन करने के साथ ही हर जनपद में पत्रकार भवन के निर्माण पर उन्होंने कहा कि सरकार इस पर काम कर रही है और जल्द ही पत्रकारों को वो मिलेगा जोकि आज तक किसी भी सरकार ने नहीं किया है।

इसी दौरान आशीष तिवारी ने हाल ही में महाकुम्भ पर गाये अपने गीत महाकुम्भ को करता विश्व प्रणाम, श्री राम जय राम जय जय राम को गाकर इस भक्ति गीत को ज्यादा से ज्यादा देखने, लाइक करने और शेयर करने का सहयोग माँगा है। इसके बाद माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के पूर्व छात्र एवं एनडीटीवी इंडिया के वरिष्ठ पत्रकार निशात रज़ा सिद्दीकी ने अपने अनुभवों के साथ मीडिया वर्कशॉप (कार्यशाला) की शुरुआत की।

मीडिया वर्कशॉप में उन्होंने पत्रकारिता की बेसिक से लेकर एडवांस स्तर तक की जानकारी साझा करते हुए लोगों को खबर में क्या करें और क्या न करें की जानकारी बताई है। इस दौरान उन्होंने कई केस स्टडी पर भी फोकस करते हुए टिप्स दिए हैं। वर्कशॉप के अंत में गूगल मीट में उपस्थित पत्रकारों से सवाल - सवाब का दौर चला। इसी क्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार शाश्वत तिवारी ने संगठन के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए संगठन की रुपरेखा एवं मांगों पर बखान किया है।

तीर्थ नगरी की गलियों में अतिक्रमण को लेकर जागा प्रशासन

चला चौकी प्रभारी का दुकानों के अतिक्रमण पर जमकर चाबुक

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। हापुड़ की तीर्थ नगरी बृजघाट एक वह स्थल है जहां पर मंगल का आशीर्वाद सभी को मिलता है यहां पर भारी जनपदों से भारी श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं तथा बृजघाट में आकर मंदिरों एवं गंगा घाट किनारे पूजा पाठ करते हैं, मगर ब्रजघाट में दुकानदारों ने जो अतिक्रमण किया हुआ है।

वह हकीकत में ही एक बड़ा सवाल है, जहां पर दुकानदार दिखाते हैं तानाशाही, जो रास्ते श्रद्धालुओं के लिए हैं उन पर दुकानदार अपनी दुकान सजाकर अतिक्रमण कर लेते हैं, सबसे बड़ा मामला है बृजघाट के फवारा चौक का जहां पर वाहन चालक या आम जनमानस भी

निकले तो समझो पहले अतिक्रमण से लड़ना होगा, जहां पर दुकानदार पुरी तीर्थ नगरी को अतिक्रमण के नाम पर दबाएं बैठे हैं, तो वहीं रविवार को बृजघाट के चौकी इंचार्ज चंद्रकांत यादव उतरे भारी पुलिस बल के साथ दिया उन्हें तत्काल दुकानों से बाहर लगे अतिक्रमण हटाने का संदेश नहीं तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, बृजघाट पुलिस का यह क्रिया देख छोटे दुकानदारों के पसीने, लगे दुकानदार अतिक्रमण को हटाने, बता दे की बृजघाट पुलिस की इस कार्रवाई को देख बृजघाट के दुकानदारों में मचा हड़कंप, तो वही बताया गया है कि अगर आगे से दुकानदारों ने सड़क पर अतिक्रमण किया तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया में युवती की फोटो पोस्ट कर लिखे अपशब्द, पांच के खिलाफ केस दर्ज

बहराइच। जिले के खैरा धोखल गांव निवासी एक युवती की फोटो सोशल मीडिया पर उसके रिश्तेदारों ने पोस्ट कर अपशब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी नामजद रिश्तेदार के हैं। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरा धोखल निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि उसके घर पर गांव निवासी सूफियान, मुनौवर समेत अन्य का आना जाना था। सभी उसके रिश्तेदार हैं। इसके बाद भी उसकी 18 वर्षीय बेटी की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपशब्दों का प्रयोग किया। जिससे छवि खराब होने के साथ बदनामी हुई।

आखिर बहादुरगढ़ क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ों का कटान कब थमेगा

आखिर वन विभाग क्यों बना रहता है अनजान

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। मामला है गढ़ तहसील के बहादुरगढ़ क्षेत्र का जहां पर सोशल मीडिया पर देखा जाता है ज्यादातर की प्रतिबंधित पेड़ों को लक्कड हारे निशाना बनाते रहते हैं, सरकार लगातार वृक्षारोपण पर जोड़ दे रही है मगर बहादुरगढ़ क्षेत्र में सरकार के वृक्षारोपण का कोई फर्क नहीं है, लकड़हारे मौका देखते ही आरा और कुल्हाड़ी चल देते हैं और वन विभाग हो या पुलिस प्रशासन किसी को मालूम नहीं लगता मगर जब सोशल मीडिया पर यह मामला उजागर होता है तब जाकर वन विभाग कदम उठाता है वह भी लीपा पोती वाला,अब बड़ी बात तो यह है की लकड़हारों को किसी की दहशत नहीं है बहादुरगढ़ क्षेत्र के अंदर जो हालात बता रहे हैं, अगर लकड़हारों पर वन विभाग कार्यवाही करता है तो दिखावटी कार्यवाही कर देता है तो

लकड़हारों को भी राहत हो जाती है और फिर अपने काम को मौका देखते ही कर देते हैं, सवाल खड़ा होता है वन विभाग की कार्यवाही पर, की गढ़मुक्तेश्वर वर्ण विभाग की नाक के नीचे क्षेत्र में लक्कड हारे खुलेआम प्रतिबंधित वृक्षों को काट देते हैं और उन्हें कुछ मालूम नहीं, जहां पर लक्कड़ हारो के ठेकेदारों के भी हौसले बुलंद हैं जो हालात बता रहे हैं।

संक्षिप्त सामाचार

एई की रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल

लखनऊ। गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृहजनपद में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को पलीता लग रहा है। विकास भवन में तैनात सहायक अभियंता बैजनाथ सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह दिनदहाड़े ऑफिस में रिश्वत की रकम गिनते नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक एई बैजनाथ सिंह विधायक निधि और सांसद निधि से होने वाले कार्यों में 5 फीसदी की रकम रिश्वत के रूप में वसूलते हैं। वायरल वीडियो में वह एक स्कूल प्रबंधक से 8000 रुपये की रिश्वत लेते हुए साफदिख रहे हैं। लोगों का कहना है कि बैजनाथ सिंह रिश्वत लेने में किसी से कोई समझौता नहीं करते और बिना तय रकम लिए कोई फाइल आगे नहीं बढ़ती। यह मामला मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार विरोधीअभियान को खुली चुनौती दे रहा है। अब देखना है कि प्रशासन वायरल वीडियो के आधार पर क्या कार्रवाई करता है और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

प्रिज्मेटिका में 96 छात्र छात्राओं का सम्मान हुआ

लखनऊ। कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव प्रिज्मेटिका में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य राम चंद्र प्रधान व विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बच्चों को सम्मानित किया। इससे पूर्व संस्थापक राजेश यादव व मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर ऋषभ यादव ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। गणेश वंदना से छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमो की शुरुआत हुई। महाकुंभ और श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या की झाकियों ने सबका मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने 96 बच्चों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

चिनहट में निःशुल्क योग केंद्र शुरू सुंदरकांड पाठ का राष्ट्रीय अभियान भी चलेगा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में महिलाओं के स्वास्थ्य और आध्यात्मिक उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। श्री परमानंद हरि हर मंदिर की संस्थापिका सपना गोयल के नेतृत्व में ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति ने चिनहट क्षेत्र में पहला निःशुल्क योगाभ्यास केंद्र स्थापित किया है। 16 फरवरी को रजत डिग्री कॉलेज के सामने सनातन लॉन में शुरू किए गए इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। सपना गोयल ने बताया कि शहर में जल्द ही चार और योग केंद्र खोले जाएंगे। इस पहल का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम है सुंदरकांड महाअभियान, जिसकी शुरुआत 11 सितंबर को अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि से हुई।

क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट्स ने निकाली साईकिल रैली,वेंटिलेटर के मरीजों को लेकर किया जागरूक

लखनऊ। इंडियन सोसाइटी ऑफक्रिटिकल केयर मेडिसिन की तरफसे रविवार सुबह 'नवाब-ए-वाक' नाम से साईकिल रैली का आयोजन किया। एक्सपर्ट्स ने वेंटिलेटर के मरीजों के इलाज के दौरान होने वाले गंभीर परेशानियों से अवगत कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्रिटिकल केयर मेडिसिन के एक्सपर्ट मौजूद रहे। रविवार सुबह 1090 चौराहे से शुरू हुई पदयात्रा होटल ताज होकर वापस 1090 चौराहे पर पहुंची। लखनऊ शहर के 100 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया।

इंश्योरेंस क्लेम का कम पैसा मिलने से परेशान

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में शनिवार को मेडिकल स्टोर संचालक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। 19 जनवरी को उनकी दुकान में आग लग गई थी। जिसका इंश्योरेंस क्लेम कम मिलने से परेशान चल रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। अढ़ाई बाजार बालागंज ठाकुरगंज निवासी प्रकाश चंद जायसवाल (52) घर में ही उमा मेडिकल स्टोर नाम से दुकान चलाते थे। घर के पिछले हिस्से में परिवार के साथ रहते थे। प्रकाश चंद्र की दुकान में 19 जनवरी की रात को आग लग गई थी। जिसके चलते दुकान का सारा सामान जल गया था। इसके बाद से काफी परेशान रहने लगे थे। शनिवार दोपहर अपने कमरे में दुपट्टे से पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी ऋचा जब उन्हें बुलाने गई तो उन्हें लटकता देख उसकी चीख निकल गई। आसपास

के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिवार में पत्नी ऋचा और तीन बच्चे हैं। भाई उमेश जायसवाल ने बताया दुकान में आग लगने के बाद इंश्योरेंस क्लेम के लिए फाइल किए थे। दुकान का सर्वे होने के बाद भी अभी तक क्लेम नहीं आया था। इंश्योरेंस कंपनी 16 लाख क्लेम के एवज में 6 लाख ही देने की बात कह रही थी। सभी बिल लगाने के बाद भी जब पैसा नहीं मिलने की उम्मीद दिखाई तो परेशान रहने लगे। इसके अलावा ऐसा माल भी जल गया था जो थोड़ा पुराना था जिसके बिल नहीं मिल पा रहे थे। घर पर लोन होने की वजह से दबाव बढ़ रहा था।

भारतीय वैश्य महासंगठन जिला कानपुर की तरफ से पिकनिक का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

कानपुर। अखिल भारतीय वैश्य महा संगठन जिला कानपुर की तरफ से पिकनिक का आयोजन सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल नारामऊ में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश जी की पूजा से किया गया। संयोजक सुशील कुमार अग्रवाल सहसंयोजक राजीव अग्रवाल रहें। पुरुष वर्ग अध्यक्ष धनपत जैन,प्रधान महामंत्री अनूप गुप्ता ने बताया की पिकनिक में ऐसा लगा मानो बचपन वापस आ गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के गेम्स खिलाए गए। पोशंपा भाई पोशंपा,देख जरा किसमे कितना है दम, इसकी टोपी उसके सर,तंबोला।महिला और पुरुषों में प्रतिस्पर्धा बनी रही और सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत सारे इनाम जीते। इनाम जीतने वालों में पुरुष वर्ग और महिला वर्ग दोनों शामिल रहे जिसमें जीतने

वालों को पुरस्कार दिया गया ।रस्साकशी में जीतने वाले ग्रुप को पुरस्कृत किया गया।, सभी गेम अखिल भारतीय की महिला टीम अध्यक्ष एकता माहेश्वरी, प्रधान महामंत्री अंजू अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा गुप्ता, सांस्कृतिक मंत्री सुनैना, मंत्री कीर्ति जैन के द्वारा खिलाए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य पोद्दार, उपाध्यक्ष गिरधर महेश्वरी, किशन गुप्ता अनुज साहू, सौरभ गुप्ता, कुबेरनाथ अग्रवाल, आशीष सुनील अग्रवाल, राकेश महाजन, मनोज अग्रवाल, पंकज जैन, विनीत अग्रवाल, मनोज गुप्ता, गौरव गुप्ता, स्वतंत्र गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार विनीता अग्रवाल,संरक्षिका शालू चौधरी, साक्षी जैन, नंदिनी जैन, कंचन साहू,रचना महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी से बाहर निकल कर एक पारिवारिक माहौल प्रदान करना और समाज को आगे बढ़ाना था। रचना महाजन की तरफ से सभी कमेटी सदस्यों को पौधे वितरित किए गए।संस्था से जुड़े नए सदस्यों का परिचय हुआ सदस्य आपस में मिले, मिलजुलकर कार्यक्रम सफल बनाया। सभी लोग बढ़-चढ़कर के आज की मोबाइल की दुनिया से दूर रह सके एवं खुशनुमा माहौल बन सके इसलिए इस पिकनिक का आयोजन किया गया।

शालोम ट्रस्ट ने चलाया टीबी भारत मुक्ति अभियान, किया जनता को जागरूक

भारत जीतेगा टीबी मुक्त होगा हमारा देश, हम हैं देश के साथ

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। रविवार को हापुड़ शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अतरपुरा चौपले पर चलाया गया टीबी मुक्त भारत अभियान, जहां पर सैकड़ो लोगों को टीबी के लक्षणों के बारे में बताया गया तथा पंप्लेंट बात कर अभियान को आगे बढ़ाया गया, जहां पर आने जाने वाले सभी वाहन चालकों ऑटो चालकों इत्यादि को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जानकारी दी गई, तो वही शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान का कार्यक्रम काफी शानदार रहा तथा आम जनमानस का काफी सहयोग मिला तथा ट्रस्ट के संबंध सदस्यों ने टीबी मुक्त भारत अभियान में रविवार के कार्यक्रम में काफी सहयोग किया ट्रस्ट पूर्ण रूप

से राष्ट्रीय हित में समर्पित कार्य कर रही है, जहां पर अतरपुरा चौपले पर केन ओपी लगाकर सभी को जागरूक किया गया है लगातार हमारे ट्रस्ट के सभी सदस्य टीबी मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ते चल रहे हैं जहां पर जनपद में लगातार जगह-जगह आगे भी कार्य किया जाएगा ताकि आमजन मानस को टीबी रोग के विषय में जानकारी दी जाए तथा इसके विरुद्ध सभी को जागरूक किया जाए, बहुत जल्द हमारे ट्रस्ट कार्यालय पर टीबी रोगियों को आहार वितरण किया जाएगा , जहां पर हमारी तैयारी लगातार चल रही हैं, तो वहीं रविवार के कार्यक्रम में मौजूद रहे कपिल कुमार, विशांत सिंघल, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, कुणाल गौतम, नितिन गर्ग, सुनीता, रेशमा यादव, बिंदु, भारती सिंह आदि।

प्लेटफॉर्म पर उतरते ही पति-पत्नी की ओर दौड़ी आरपीएफ कांस्टेबल

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मथुरा रेलवे स्टेशन पर दिल छूने वाली घटना सामने आई है। ट्रेन रुकने के बाद प्लेटफॉर्म पर पति-पत्नी उतरे, तभी महिला आरपीएफ कांस्टेबल आंचल तोमर दौड़ते हुए उनके पास पहुंचीं। महिला यात्री को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर मथुरा स्टेशन पर दम्पति उतरे। महिला और उनका पति ट्रेन से रोहतक से झांसी जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में मथुरा जंक्शन पर महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। महिला का पति घबरा गया और उसने रेलवे पुलिस को सूचना दी। सूचना पर ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत महिला को मदद देने के लिए महिला आरपीएफकांस्टेबल आंचल तोमर और उनके साथी मौके पर पहुंचे। महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाया। महिला यात्री संतोषी अपने पति और एक बच्चे के साथ मध्य प्रदेश के महोबा से झांसी जा रही थी। उसे प्रसव पीड़ा हुई,

प्रसव पीड़िता को पहुंचाया अस्पताल, महिला ने दिया स्वस्थ बच्चे को जन्म

महिला और उसका पति मथुरा स्टेशन पर उतर गए। आरपीएफस्टाफआंचल तोमर और उनकी टीम ने तुरंत एंबुलेंस की व्यवस्था की और महिला को अस्पताल पहुंचाया।

ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत महिला को जिला महिला अस्पताल मथुरा के प्रसव वार्ड में भर्ती कराया। समय पर अस्पताल पहुंचने से महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। पति-पत्नी पाताल कोट एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे। जब महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी तो वे घबरा गए। उन्होंने रेलवे हेल्पलाइन पर सूचना दी, जिसके बाद मथुरा जंक्शन पर ट्रेन रुकते ही आरपीएफमहिला कांस्टेबल आंचल तोमर मौके पर पहुंची।

बेटे ने मां-बाप पर हथौड़े से सिर पर ताबड़तोड़ किए वार, हत्या के बाद भागा

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बेटे ने मां-बाप की हथौड़े से मारकर हत्या कर दी। शनिवार रात 10 बजे बेटे का माता-पिता से प्रॉपर्टी को लेकर कहासुनी हो गई थी। बात इतनी बढ़ी कि बेटा कमरे से हथौड़ा लेकर आया। पत्नी और छोटे भाई ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उन्हें धक्का देकर हटा दिया। इसके बाद उसने हथौड़े से ताबड़तोड़ वार किए। माता-पिता खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़े।

चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी बेटा वहां से फरार हो गया। लोग पति-पत्नी को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पूरी घटना मोहनलालगंज के जबरौनी गांव की है। आरोपी विशनेश जबरौली गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम

जगदीश (70), जबकि मां का नाम शिवप्यारी (68) था। एडीसीपी अमित कुमावत ने जगदीश के छोटे बेटे गोलू की शादी तय हो गई थी। 10 दिन पहले तिलक हुआ था। जगदीश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए वह छोटे बेटे की शादी के लिए जमीन बेचना चाहते थे, लेकिन बड़ा बेटा विशनेश इसका विरोध कर रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इसी बात पर बीती रात झगड़ा हुआ, इसके बाद आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी बेटा फरार है। दो टीमें बनाकर उसकी तलाश की जा रही है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वारदात से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। इसमें आरोपी वारदात के बाद गली से भागता हुआ दिख रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आरोपी की पत्नी के चीखने की आवाज सुनकर हम लोग मौके पर पहुंचे। वह लगातार चीख रही थी- बाबू को बचा लो। लेकिन जब तक हम लोग वहां पहुंचे, आरोपी बेटे ने अपने माता-पिता को मार डाला था।

वक्फबिल की फर्जी रिपोर्ट संसद में पेश, तिरुपति मंदिर के पास वक्फ से दोगुनी संपत्ति : उदित राज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में रविवार को सहकारिता भवन में सम्मेलन का आयोजन किया गया। दलित, ओबीसी, माइनॉरिटी और आदिवासी संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संविधान और आरक्षण समेत विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सभाजीत यादव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद डॉ. उदित राज ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉ. उदित राज ने कहा आरक्षण को बचाने की जदोजहद चल रही है। संविधान और आरक्षण की लड़ाई लड़ने के लिए सबको आगे आना चाहिए। उत्तर प्रदेश में बहुजन आंदोलन को दोबारा खड़े करने का प्रयास है। आरक्षण बचाना, संविधान बचाना, ईवीएम हटाना और जातीय जनगणना हमारे मुद्दे हैं। उन्होंने कहा हम वक्फबोर्ड बचाव आंदोलन कर रहे हैं। जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने पेश हुए थे।

पत्नी से झगड़े के बाद, पुरोहित फांसी पर लटका, मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। मकान की दूसरे मंजिल पर छज्जे में लगी सरिया से शव लटकता मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के भटगांव वादे खेड़ा में रोहित उर्फअमित अवस्थी (32), अपनी पत्नी रोशनी अवस्थी और 5 साल के बेटे स्वास्तिक और 1 साल की बेटी के साथ रहता था।

जीविका के लिए पुरोहित का काम करता था। शनिवार रात घर के सभी लोग खाना खाकर सो गए और रोहित अपने दो मंजिला मकान की छत पर हाल में सोने चला गया। रविवार सुबह जब रोहित काफी समय तक नीचे उतरकर नहीं आया। तो रोशनी उसे बुलाने के लिए छत पर गयी। लेकिन जीने के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद मिली। कई बार आवाज देने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तब परिजन पड़ोसी के घर से होकर उसकी छत के रास्ते अपनी छत पर पहुंचे। लेकिन वहाँ का नजारा देख सभी के होश उड़ गए। रोहित छत पर बने हाल के छज्जे की निकली सरिया से साड़ी के सहारे मृत लटका मिला। यह नजारा देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात पत्नी रोशनी से किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया था। जिससे नाराज होकर उसने यह कदम उठाया है। वहीं बंथरा प्रभारी निरीक्षक राम सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा

पहली बार ओएमआर शीट से एनसीसी कैडेट्स ने दी सी सर्टिफिकेट परीक्षा

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पूरे देश में रविवार को एनसीसी कैडेट्स की सी सर्टिफिक्रेट परीक्षा सम्पन्न करवाई गई। राजधानी के लॉमार्ट्स गर्ल्स कॉलेज और श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में लखनऊ एनसीसी ग्रुप ने भी सी सर्टिफिक्रेट परीक्षा का आयोजन किया। सुबह 7 बजे से ही एनसीसी कैडेट्स कॉलेज प्रांगण में पूरी तैयारी और जोश के साथ दिखाई दिए। सघन तलाशी के बाद एनसीसी कैडेट्स को परीक्षा देने के लिए कक्षाओं में प्रवेश दिया गया और उनके बैठने की व्यवस्था भी ऐसी थी कि नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न करवाई जा सके। एनसीसी के इतिहास में पहली बार ओएमआर शीट से यह परीक्षा करवाई जा रही है। श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में एनसीसी सी सर्टिफिक्रेट परीक्षा इंचार्ज कर्नल राजकुमार

कमाण्डिंग ऑफिसर 22 यूपी बटालियन, लेफ्टिनेंट कर्नल कविता सीआर, एओ 20 यूपी गर्ल्स बटालियन रहे। श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में कुल पांच एनसीसी बटालियन की परीक्षा एक साथ हुई जिसमें 3 नेवल, 5 एयर, 67 यूपी बटालियन, 63 तथा 64 यूपी बटालियन के कैडेट्स ने सी सर्टिफिक्रेट परीक्षा दी। परीक्षा सेंटर इंचार्ज और 67 यूपी बटालियन एनसीसी के सीओ कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे देश में ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में यह परीक्षा आयोजित हो रही है। लिखिए परीक्षा से पहले प्रयोगात्मक परीक्षा हुई थी जिसमें कैडेट्स ने ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट व बैटेल क्राफ्ट और संचार की परीक्षाएं दी थी। तीन घंटे की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू हो कर दोपहर 1:30 बजे तक चली। कर्नल श्रीवास्तव ने कहा कि हर एक एनसीसी कैडेट के जीवन में यह महत्वपूर्ण दिन आता है जब वे एनसीसी सी सर्टिफिक्रेट परीक्षा देने आते हैं। एनसीसी सी सर्टिफिक्रेट परीक्षा में सुबेदार मेजर रंजीत कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ सुबेदार जितेन्द्र गुप्ता, ट्रेनिंग एनसीओ सीएचएम आनंद कुमार और हवलदार आनंद प्रताप मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात दिखें। इसी के साथ परीक्षा को सफल बनाने के लिए पीआई स्टाफ सिविल स्टाफ और कॉलेज स्टाफने भी कड़ी मेहनत की। यूपी एनसीसी के एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार और लखनऊ एनसीसी के ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने एनसीसी कैडेट्स को परीक्षा की शुभकामनाएं दी।

सरस्वती पुरम रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का मनाया गया वार्षिकोत्सव

लखनऊ। सरस्वती पुरम रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के हुए वार्षिक उत्सव समारोह में बच्चों के लिए कला प्रतियोगिता हुई, जिसमें लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया और कार्यक्रम के शुभारंभ में माँ सरस्वती वंदना के साथ हुआ एवं इसके साथ समिति के द्वारा पिछले वर्षों में किए गए कार्यों का विवरण समिति के अध्यक्ष राजकुमार सैनी द्वारा दिया गया। इसी क्रम में आने वाले वर्ष की कार्य योजना के बारे में समिति के महासचिव अजय यादव द्वारा बताई गई। उन्होंने यह भी बताया कि कॉलोनी को लखनऊ की सबसे स्वछतम कॉलोनी बनाने का प्रयास किया जा रहा है और समय-समय पर बच्चों व नवयुवकों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक कार्यक्रम का भी आयोजन करना है कॉलोनी के सभी सदस्यों को एक परिवार के रूप में बांधने का प्रयास करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरज बोरा जी, मंडल अध्यक्ष 5 संजय तिवारी, कमलेश्वर सोनी, मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे एवं पार्षद प्रतिनिधि गौरव तिवारी एवं जन विकास महासभा के संरक्षक डॉ अगम दयाल , सम्मान समिति के अध्यक्ष महासचिव एवं पदाधिकारिओं द्वारा माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।



सम्पादकीय

मोदी की फ्रांस-अमरीकी यात्रा से मिले नए संदेश

अभी चंद दिनों पहले अमरीकी सरकार द्वारा अवैध तरीके से अमरीका में रह रहे भारतीयों को बंधक बनाकर भारत भेजे जाने से देश में तनाव का महौल बन गया था। जबसे डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति का पद संभाला है, वे कई मामलों में काफी आक्रामक रहे हैं। पदभार संभालने के साथ ही जिस तरह उन्होंने भारतीय मूल के अवैध प्रवासियों की पहली खेप बेड़ियों में जकड़ कर वापस भेज दी, उससे कई तरह की चिंताएं जताई जाने लगी थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय अमेरिका यात्रा को विशेष माने जाने के एक नहीं, कई कारण रहे। यह दो बहुत अच्छे दोस्तों को बेहद टफनेगोशिएटर की भूमिका में देखने का एक दिलचस्प मौका तो थी ही, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। हालांकि प्रधानमंत्री इस बार राजकीय यात्रा पर नहीं गए थे, मगर डोनाल्ड ट्रंप ने उनके साथ पूरी गरमजोशी दिखाई। इस मुलाकात में कई तरह के भ्रम भी दूर हुए। प्रधानमंत्री की इस बार की अमेरिका यात्रा कई दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण कही जा सकती है। इसी तरफफ्रांस यात्रा में भारत और फ्रांस के बीच दस समझौते हुए है। यानि प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस और अमरीकी यात्रा कई मायने में महत्वपूर्ण साबित हुई। कुछ लोग कयास लगा रहे थे कि ट्रंप जिस तरह कुछ देशों के साथ व्यापार पर अतिरिक्त शुल्क थोप रहे हैं और अमेरिकी हितों को तरजीह दे रहे हैं, उसमें भारत के साथ भी व्यापार प्रभावित हो सकता है। मगर ट्रंप ने इस कयास को साफकर दिया। उन्होंने कहा कि जो देश जितना शुल्क लगाएगा अमेरिका भी उस पर उतना ही शुल्क लगाएगा, न कम न ज्यादा इसका साथ ही उन्होंने भारत सरकार के इस फैसले की तारीफकी कि उसने अनावश्यक शुल्क हटाना शुरू कर दिया है। जिससे भारतीय बाजार में अमेरिका की पहुंच कुछ और बढ़ेगी। दोनों देशों ने प्रतिरक्षा, तेल-गैस, नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग, आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग और प्रतिरक्षा खरीद मामलों ने महत्त्वपूर्ण समझौते किए। अमेरिका भारत को एफ-35 युद्धक विमान बेचने का इच्छुक है। भारत ने इस पर सहमति दे दी है। हालांकि इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक हस्ताक्षर नहीं हुए हैं, पर भारत मानता है कि इस विमान की खरीद से उसकी सामरिक शक्ति बढ़ेगी। अमेरिका ने भरोसा दिलाया है कि वह भारत की नागरिक परमाणु ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा और हर सहयोग उपलब्ध कराएगा। वह भारत की तेल और गैस संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा। दरअसल, भारत की चिंता कच्चे तेल की अधिक रहती है। रूस- यूक्रेन और इजराइल-फिलस्तीन संघर्ष के बीच आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई, तो कच्चे तेल के मामले में भारत ने रूस से सहयोग लेना शुरू कर दिया। अब अमेरिका से इस क्षेत्र में सहयोग मिलेगा, तो निश्चय ही उस पर दबाव कुछ कम होगा। निश्चय ही यह अमेरिका के फैसले के प्रति सकारात्मक रुख है।

सबसे अधिक चिंता व्यापार पर अतिरिक्त शुल्क लगाने से भारत के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता जताई जा रही थी, मगर उस चिंता को दूर करते हुए दोनों देशों ने भरोसा दिलाया है कि वे 2030 तक आप व्यापार को दोगुना करेंगे। इससे न केवल दोनों देशों का व्यापार घाटा कम होगा, बल्कि दोनों का बाजार कुछ और विस्तृत होगा। अमेरिका के साथ भारत के संबंधों में जिस गतिरोध की आशंका जताई जा रही थी, वह समाप्त हो गई है। यही नही जो थोड़ी-बहुत कसर बाकी थी, वह भी आपसी मुलाकात से ठीक पहले राष्ट्रपति ट्रंप के इस ऐलान से पूरी हो गई कि अमेरिका समान टैरिफकी पॉलिसी पर चलेगा। उन्होंने साफ-साफकह दिया कि जो देश हम पर जितना टैरिफलगाएगा, हम उस पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे। यह भारत को परोक्ष लेकिन सीधी चेतावनी थी। इस माहौल में तनाव को हावी होने दिए बगैर पीएम मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे। उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफकी बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे मेक अमेरिका ग्रेट अगेन की तर्ज पर अपना नारा - मेक इंडिया ग्रेट अगेन पेश किया। उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि राष्ट्रपति ट्रंप की तरह वह भी अपने राष्ट्रहित का अनुसरण करेंगे। इस कूटनीतिक का नतीजा था कि जो माहौल टकराव की ओर जाता दिख रहा था, वह सहयोग बढ़ाने के प्रयासों की ओर केंद्रित हो गया। न केवल टैरिफजैसे मसलों पर फ्रेमवर्क बनाने की बातचीत शुरू करने पर सहमति बनी बल्कि अंतरिक्ष यात्रा, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर नजरें जम गईं। सबसे खास बॉत यह कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और अमेरिका लंबे समय से सहयोगी रहे हैं। मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहब्बुर राणा के प्रत्यर्पण को लेकर अमेरिका ने सकारात्मक रुख दिखाया है, उससे दोनों के रिश्ते और प्रगाढ़ हुए हैं। इसका सीधा असर पाकिस्तान और उसके आका चीन पर पड़ेगा। अवैध आप्रवासन को लेकर अमेरिका की चिंता पर भारत ने कहा कि वह अपने नागरिकों को वापस लेने को तैयार है, बेशक उन्हें ससम्मान वापस भेजा जाए। यही नहीं, प्रधानमंत्री ने उन मानव तस्करों के खिलाफभी कड़े कदम उठाने का वादा किया, जो भारत से लोगों को बरगला या बहला कर दूसरे देशों में ले जाते हैं। मुंबई टेरर अटैक के एक साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का राष्ट्रपति ट्रंप ने वहीं ऐलान भी कर दिया। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे।

नये दौर के अध्यात्म की तलाश में युवामन

डॉ. संजय वर्मा

अध्येताओं ने किशोर और युवावस्था के दौर की व्याख्या इस रूप में की है कि यह उम्र तीव्र वैचारिक भूख, जीवन के अर्थ व उद्देश्य की खोज और रिश्तों से जुड़ाव की इच्छा की होती है। इस उम्र में वह मानसिक द्वंद्व भी नजर आता है, जिसमें वे यह फैसला नहीं कर पाते हैं कि कोई विचार उनके जीवन के विकास और दिशा को किस प्रकार प्रभावित कर सकता है। अटकाव और भटकाव के इस दौर में अक्सर ये किशोर और युवा वहां पहुंचने की कोशिश करते हैं जहां उन्हें अपने अंदर उठ रहे सवालों के जवाब मिल सकें। यह अकारण नहीं है कि इस बार प्रयागराज महाकुंभ 2025 में जुटे करोड़ों श्रद्धालुओं में एक बड़ी संख्या उन युवाओं की रही- जिन्हें जेनरेशन जेड कहा जाता है। जेनरेशन जेड में वे लोग आते हैं, जिनका जन्म 1990 और 2010 के बीच हुआ है। इनमें से ज्यादातर छात्र हैं या कुछ ऐसे हैं जिन्होंने कुछ साल पहले कोई नौकरी या कारोबार शुरू किया है। इस पीढ़ी के युवाओं की एक पहचान और है। इसी पीढ़ी ने अपने जवान होने की उम्र में फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप को पैदा होते और इन सोशल मीडिया मंचों को जवान होते हुए देखा है। इस पीढ़ी का महाकुंभ से जुड़ाव इस रूप में भी देखा जा सकता है कि इन युवाओं ने प्रयाग में डुबकी लगाने से पहले गूगल पर महाकुंभ के बारे में सर्च किया। इंस्टाग्राम पर आईआईटियन बाबा और चेहरे-मोहरे की सुंदरता के बल पर वायरल हुई युवती मोनालिसा को देखकर जिज्ञासावश जमघट लगाया। पर क्या उनकी इस जिज्ञासा और संशय की स्थिति को कहीं से भी उस युवा आध्यात्मिकता से जोड़ा जा सकता है- जिसकी इन दिनों महाकुंभ के प्रयोजन से चर्चा छिड़ी हुई है। यात्राओं और होटल आदि की बुकिंग करने वाली वेबसाइट एलएक्सआईगो के आंकड़ों को सही मानें तो इस बार महाकुंभ में 20-25 साल के युवाओं की तादाद 45 या इससे ज्यादा की उम्र वालों की तुलना में काफी ज्यादा रही। बीते एक साल में धार्मिक स्थलों की यात्रा संबंधी बुकिंग में 150 फीसदी इजाफा हुआ है। शायद इसी बदलाव का असर है कि प्रयागराज के साथ-साथ काशी और अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ में उन युवाओं की भागीदारी ज्यादा दिखी जो शायद पहली बार इस तरह की धार्मिक-आध्यात्मिक यात्रा पर निकले हैं। लेकिन क्या उनकी इस यात्रा को आध्यात्मिकता की खोज कहें। या यह सिर्फ छापामार पर्यटन है जिसमें युवा हर दिन कुछ नया खोजने यहां से वहां जाने का उपक्रम करते दिखते हैं। एक बात तो बेखटके कही जा सकती है कि जिस फोमो (थ्डड- फीयर ऑफमिसिंग आउट यानी कुछ छूट जाने या खो जाने का भय युवाओं को सताने लगा है, धर्मस्थलों की ओर उनकी दौड़ उस डर को कुछ अंशों में अभिव्यक्त करती है। ये युवा सोशल मीडिया पर अपना स्टेटस अपडेट करना चाहते हैं। दिखाना चाहते हैं कि महाकुंभ के दुर्लभ संयोग में संगम स्नान का पुण्य उन्होंने भी अर्जित किया है। कुछ अलग फील करने की चाह (जो कई बार युवाओं को नशे की राह पर ले जाती है) भी एक वजह है जो उन्हें इस आयोजन तक खींच ले गई। लेकिन उनकी उत्सुकता इतनी सतही भी नहीं कही जानी चाहिए। महाकुंभ पहुंचने वाले युवाओं में एक तबका ऐसा भी है जो भक्ति के रंग में रंगा, उत्साह से लबरेज और

भारतीय संस्कृति को करीब से जानने-समझने की ललक लेकर वहां पहुंचा। उसे यह महसूस हुआ कि विविधि संस्कृतियों वाले इस महादेश को और उसकी आध्यात्मिकता की वास्तविकता को समझने के लिए इससे बेहतर कोई और जगह नहीं हो सकती। साधुओं की संगत में बैठकर स्मार्टफोन लेकर यह पूछते हुए वीडियो बनाते तमाम युवाओं को भी इस बार नोटिस किया गया, जो यह पूछ रहे थे कि आखिर सनातन धर्म क्या है, यह दूसरे धर्मों से कैसे और कितना अलग है? साधुओं का हठयोग क्या है? ये साधु कैसे न्यूनतम संसाधनों पर जीवित रह पाते हैं और कठिनतम स्थितियों का सामना कर पाते हैं? हालांकि युवाओं को इन आध्यात्मिक सवालों का समाधान जल्दी में चाहिए, पर उनकी इस जिज्ञासा को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

हो सकता है कि उनका अध्यात्म के प्रति जो आरंभिक रुझान है, वह उन्हें सच्ची आध्यात्मिकता की ओर ले जाए। आईआईटियन बाबा के रूप में मशहूर शख्स को एक मिसाल माना जा सकता है, जो युवा आध्यात्मिकता के नए ट्रेंड की पड़ताल करने और उसे सहेजने की मांग करता है। इन जिज्ञासाओं, व्याख्याओं और सोशल मीडिया पर प्रसारित-प्रचारित इंस्टा-रील्स के प्रसंग से यह सवाल उठा है कि क्या ये सब चीजें हमारे युवाओं के आध्यात्मिक रुझान को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत कर रही हैं। और क्या यही वह युवा आध्यात्मिकता है, जिसे भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को पहलुओं को सामने रखा। वैसे तो कथित सांसारिकता से विमुख हुए आईआईटियन बाबा की अस्पष्ट सी बातों-व्याख्याओं में से अध्यात्म की गहरी समझ हासिल करने का दावा करना जल्दबाजी होगा, लेकिन एक पढ़े-लिखे शख्स के मुंह से अध्यात्म की बातें सुनना युवाओं को खूब भाया। इससे युवाओं की यह जिज्ञासा सामने आ गई है कि आखिर अध्यात्म में ऐसा क्या है कि वह पढ़े-लिखे लोगों को अपनी ओर खींच लेता है।

असल में जेनरेशन जेड कहलाने वाले युवाओं की दुनिया में इंटरनेट और खास तौर पर सोशल मीडिया मंचों ने जो बड़े बदलाव किए हैं, उनमें एक तो उनमें एकाग्रता की कमी (अटेंशन डेफिसिट) की शक्ल में किया है। मोबाइल इंटरनेट की तकनीकी ने युवाओं के दिमागों को उलझाने के लिए इतनी तेज गति से दृश्यों और सूचनाओं की बौछार शुरू की है जिसमें उन्हें हर क्षण खुद को व्यस्त रखने के लिए कुछ नया और रोमांचक चाहिए होता है। सोशल मीडिया पर सक्रिय ये युवा किसी एक चीज से बड़ी जल्दी ऊब जाते हैं। किसी एक मुद्दे पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते। उन्हें किसी बहुत बड़ी तलब की तरह थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ अप्रत्याशित और आवेगपूर्ण कंटेंट की जरूरत होती है। इससे युवा दुनिया में एक नए किस्म के मनो-सामाजिक विकास का चरण कायम हुआ है, जिसमें वे अपनी एक मुकम्मल पहचाने बनाने के संकट से जूझ रहे हैं।

> हो सकता है कि उनका अध्यात्म के प्रति जो आरंभिक रुझान है, वह उन्हें सच्ची आध्यात्मिकता की ओर ले जाए। आईआईटियन बाबा के रूप में मशहूर शख्स को एक मिसाल माना जा सकता है, जो युवा आध्यात्मिकता के नए ट्रेंड की पड़ताल करने और उसे सहेजने की मांग करता है। इन जिज्ञासाओं, व्याख्याओं और सोशल मीडिया पर प्रसारित-प्रचारित इंस्टा-रील्स के प्रसंग से यह सवाल उठा है कि क्या ये सब चीजें हमारे युवाओं के आध्यात्मिक रुझान को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत कर रही हैं। और क्या यही वह युवा आध्यात्मिकता है, जिसे भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को जरूरत है। निश्चय ही इसमें पहला प्रसंग आईआईटी वाले बाबा का उठता है। दावा किया गया कि आईआईटी- बॉम्बे से डिग्री ले चुका और एक कंपनी में सालाना लाखों का वेतन पाने वाला एक युवा संन्यासी बन गया और बाबा के रूप में महाकुंभ में शामिल होकर उसने आध्यात्मिकता के नए

आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा। मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है।

इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषत: वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है। आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले। देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है।

आस्था के संगम में फिल्मी सितारों की डुबकी

हेमंत पाल

> ऐसे में कई फिल्मी हस्तियों ने भी महाकुंभ में शामिल होकर सनातन धर्म को करीब से जाना। ये हस्तियां बिना किसी लवाजमे के यहां पहुंचीं और पुण्य के भवसागर में आस्था की डुबकी लगाई। पवित्र संगम में जिस भी फिल्मी हस्ती ने डुबकी लगाई, उसने बिना किसी दिखावे के अपनी श्रद्धा दर्शाई। ज्यादातर फिल्मी लोग अपनी पहचान बताए बिना महाकुंभ में आए और गंगा नहाए। हेमा मालिनी और रवि किशन जैसे लोगों के आसपास जरूर सुरक्षा व्यवस्था नजर आई। जबकि, दक्षिण के कई बड़े सितारे ऐसे भी आए जो सामान्य व्यक्ति की तरह महाकुंभ में पहुंचे। इस इलाके के एक नामी खलनायक ने तो अपनी पहचान जाहिर करने पर नाखुशी तक जाहिर की। महाकुंभ में हस्तियों को लेकर कुछ अलग प्रसंग भी हुए,

धर्म और आस्था का सबसे बड़ा समागम प्रयागराज का महाकुंभ अपनी पूरी भव्यता के साथ चल रहा है। अब तक करोड़ों श्रद्धालु और संतों के साथ देश और दुनिया के हर क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियां इस आयोजन के पवित्र संगम में डुबकी लगा चुकी हैं। ऐसे में फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हस्तियां भी पीछे नहीं रही। कलाकारों, संगीत से जुड़ी नामचीन हस्तियों और टेलीविजन के लोगों ने महाकुंभ में शिरकत की और गंगा, जमुना और सरस्वती की पवित्र त्रिवेणी के संगम में स्नान कर आध्यात्मिक संतुष्टि महसूस की। प्रयागराज महाकुंभ के इस महाआयोजन का आनंद लेने के लिए करोड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

ऐसे में कई फिल्मी हस्तियों ने भी महाकुंभ में शामिल होकर सनातन धर्म को करीब से जाना। ये हस्तियां बिना किसी लवाजमे के यहां पहुंचीं और पुण्य के भवसागर में आस्था की डुबकी लगाई। पवित्र संगम में जिस भी फिल्मी हस्ती ने डुबकी लगाई, उसने बिना किसी दिखावे के अपनी श्रद्धा दर्शाई। ज्यादातर फिल्मी लोग अपनी पहचान बताए बिना महाकुंभ में आए और गंगा नहाए। हेमा मालिनी और रवि किशन जैसे लोगों के आसपास जरूर सुरक्षा व्यवस्था नजर आई। जबकि, दक्षिण के कई बड़े सितारे ऐसे भी आए जो सामान्य व्यक्ति की तरह महाकुंभ में पहुंचे। इस इलाके के एक नामी खलनायक ने तो अपनी पहचान जाहिर करने पर नाखुशी तक जाहिर की। महाकुंभ में हस्तियों को लेकर कुछ अलग प्रसंग भी हुए, उनमें 90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी, माला बेचने वाली मोनालिसा और आईआईटीयन संत भी हैं। ममता कुलकर्णी ने महाकुंभ 2025 के दौरान किन्नर अखाड़ा में शामिल होकर संन्यास ग्रहण किया। उनके इस फैसले को जमकर प्रचार मिला। लेकिन, संतों के विरोध के कारण बाद में उन्हें महामंडलेश्वर पद से हटा दिया गया। हिंदी और भोजपुरी के मशहूर एक्टर और सांसद रवि किशन भी संगम में डुबकी लगाने महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे डुबकी लगाते और पूजा करते दिखे। वीडियो पोस्ट करते हुए

रवि किशन ने अपनी भावना जाहिर की- 'तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संगम में स्नान के पश्चात पूजा किया। देश की आस्था, संस्कृति की प्रतीक पवित्र गंगा और यमुना को निर्मल और अविरल करने का कार्य पूरा हो, इसकी प्रार्थना की!' जाने-माने एक्टर अनुपम खेर ने भी महाकुंभ में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पवित्र स्नान किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर स्नान की झलक शेयर की और इस आध्यात्मिक क्षण में प्रार्थना करते हुए मंत्रों का जाप किया। फिल्म कोरियोग्राफर एंड डायरेक्टर रेमो डिसूजा भी संगम में डुबकी लगाने पहुंचे, फैंस से अपना चेहरा छुपाकर स्नान किया व बाद में सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया। अभिनेत्री नीना गुप्ता और संजय मिश्रा भी महाकुंभ में पहुंचे। दोनों ही कलाकारों ने मेले का भ्रमण किया और संगम में डुबकी के साथ गंगा को नमन किया। दोनों ही कलाकार अपनी अगली फिल्म 'वध-2' के प्रचार के लिए भी प्रयागराज पहुंचे। नीना गुप्ता ने कहा कि मां गंगा के पवित्र जल में स्नान का अवसर एक आध्यात्मिक यात्रा जैसा अहसास था। संजय मिश्रा की भावना थी कि आस्था का सागर देखना इतना सुखद है कि शब्दों में बयान करना मुश्किल है। फिल्म अभिनेता राजकुमार राव ने पत्नी पत्रलेखा के साथ पवित्र समागम का हिस्सा बनने के लिए ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया। वे महाकुंभ की हवाओं में बिखरे आध्यात्मिक भावों और लाखों-करोड़ों लोगों को कुंभ स्नान करते देखकर अभिभूत दिखे। 'मैंने प्यार किया' से धूम मचाने वाली एक्ट्रेस भाग्यश्री अपने बच्चों अवंतिका और अभिमन्यु दासानी के साथ प्रयागराज पहुंचीं और सोशल मीडिया पर वहां की झलकियां शेयर कीं। प्रसिद्ध लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने भी भक्तों से अपने पवित्र स्नान को आध्यात्मिक ज्ञान के साथ पूरक करने का आग्रह किया। कलाकार मिलिंद सोमन भी पत्नी अंकिता कोंवर के साथ प्रयागराज आए। इस जोड़े ने मौनी अमावस्या के शाही स्नान वाले दिन संगम में डुबकी लगाई व भक्ति में डूबे दिखे। दोनों ने अपनी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। फिल्मों की ड्रीम गर्ल और सांसद हेमा मालिनी भी मौनी अमावस्या के मौके पर महाकुंभ पहुंचीं। इस दौरान उनके संग बाबा रामदेव भी नजर आए। अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी ने भी महाकुंभ मेले में शिरकत की। उन्होंने संगम पर स्नान किया और सोशल मीडिया पर अपनी फोटो शेयर की। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी भी महाकुंभ में स्नान के लिए पहुंची। अदाकारा ईशा गुप्ता भी संगम में डुबकी लगाते हुए नजर आई। फिल्म 'जन्नत' में नजर आई एक्ट्रेस सोनल चौहान ने भी त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। अभिनेत्री पूनम पांडे भी महाकुंभ में दिखाई दी। संगम में स्नान करते हुए कई तस्वीरें शेयर की। उन्होंने लिखा 'महाकुंभ3 जीवन को करीब से देखना, जहां 70 साल का बुजुर्ग घंटों नंगे पैर चलता है, जहां आस्था की कोई सीमा नहीं होती।

भारतीय मध्यक्रम का शांतचित्त योद्धा हैं श्रेयस अय्यर

भारत को अलग-अलग तरह की चुनौतियों से होगा निपटना

एजेंसी

बेंगलुरु। श्रेयस अय्यर भले ही स्टीव स्मिथ की तरह क्रीज पर अपनी सक्रियता के कारण कुछ अवसरों पर बेचैन नजर आते हों लेकिन परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करने के कारण वह भारतीय मध्यक्रम के एक ऐसे शांतचित्त योद्धा हैं जो धैर्य और आक्रमण की सुंदर मिसाल पेश करते हैं। अय्यर जरूरत पड़ने पर गेंदबाजों पर हावी होकर खेलने में सक्षम हैं तो वह परिस्थितियों के अनुसार पारी संवारना भी जानते हैं जिससे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के कारण वह शीर्ष क्रम और निचले मध्यक्रम के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बन जाते हैं। ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी में उनकी भूमिका बहुत अहम होगी। भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अलग-अलग तरह की चुनौतियों से निपटना होगा। जैसे कि बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की स्पिन गेंदबाजी की तथा पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी। इनसे निपटने के लिए भारत के पास चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर के रूप में एक अदद बल्लेबाज है। अय्यर को बीच के ओवरों में स्पिनरों का सामना करना होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलते समय उनका सामना बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर और ऑफ स्पिनर माइकल ब्रेसवेल से होगा। बांग्लादेश के खिलाफ उनके सामने बाएं हाथ के स्पिनर महमूदुल्लाह की चुनौती होगी। श्रेयस का बाएं हाथ के स्पिनरों के सामने रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने इस तरह के गेंदबाजों के खिलाफ 29 पारियों में 144 के शानदार औसत से 432 रन बनाए हैं और उनका नियंत्रण प्रतिशत 88.4 है। बाएं हाथ के स्पिनर उन्हें केवल तीन बार ही आउट कर पाए हैं। जहां तक ऑफ स्पिनर का सवाल है तो श्रेयस ने 25 पारियों में 290 रन बनाए हैं तथा उनका औसत 72.5 है। ऑफ स्पिनर के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 118 जबकि बाएं हाथ के स्पिनर के सामने 97 है।

टेनिस खिलाड़ियों ने यानिक सिनर और वाडा के बीच समझौते की आलोचना क

एजेंसी

लंदन। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग मामले में तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के समझौते की टेनिस खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। सिनर और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के बीच निलंबन को लेकर समझौता हो गया है जिसका मतलब है कि इटली का यह खिलाड़ी पांच मई से फिर से खेल सकता है। इससे उनकी विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा तथा वह सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे। पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाए जाने वाले सिनर को कोई खिताब या पुरस्कार राशि भी नहीं गंवानी पड़ेगी। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका ने एक्स पर लिखा, मैं अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं करता। विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने एक्स पर कहा, ''टेनिस में निष्पक्षता मौजूद नहीं है। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। कोई खिताब नहीं खोया, कोई पुरस्कार राशि नहीं खोई। दोषी है या नहीं? टेनिस के लिए दुखद दिन। विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मार्सिले ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा, मुझे उम्मीद है कि हर कोई वाडा के साथ चर्चा कर सकता है और अब से यानिक सिनर की तरह खुद का बचाव कर सकता है। विश्व के पूर्व नंबर एक ब्रिटिश खिलाड़ी टिम हेनमैन ने स्काई स्पोर्ट से कहा, उसने अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है और वह अगले तीन महीने तक एटीपी टूर में नहीं खेल पाएगा लेकिन फ्रेंच ओपन में खेलने का पात्र होगा। सिनर के लिए प्रतिबंध झेलने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था लेकिन यह इस खेल के लिए कड़वे घूंट की तरह है। नोवाक जोकोविच और वासेक पोस्पिसिल द्वारा स्थापित प्रोफेशनल टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ने भी निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल पार्टियों की आलोचना करते हुए एक्स पर जारी बयान में कहा, प्रणाली कोई प्रणाली नहीं है। यह एक क्लब है। यह केवल अनुरूप सौदों, अनुचित व्यवहार और असंगत निर्णयों के लिए कवर है। इसमें पारदर्शिता की कमी और प्रक्रिया का अभाव है।

वसीम अकरम से भी बड़े क्रिकेटर हैं राशिद खान

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान का हैरतअंगेज दावा

एजेंसी

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने अफगानिस्तान के करिश्माई ऑलराउंडर राशिद खान को लेकर एक बड़ा दावा किया है। राशिद लतीफ ने पाकिस्तान के महान गेंदबाज वसीम अकरम से भी बड़ा क्रिकेटर राशिद खान को बताया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले राशिद लतीफ ने ये बयान दिया है। पाकिस्तान के लिए करीब 200 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले राशिद लतीफ ने कहा है कि कहते हुए अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन राशिद खान वसीम अकरम से भी बड़े क्रिकेटर हैं। पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ ने जीयो न्यूज के टॉक शो हँसना मना है में क्रिकेट पर बात करते हुए कहा, राशिद ने अफगानिस्तान को दुनिया के नक्शे पर ला खड़ा किया है, उन्होंने उन्हें पहचान दिलाने में मदद की है। वह वसीम अकरम से भी महान हैं। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन राशिद का कद उनसे बड़ा है। पाकिस्तान के लिए 37 टेस्ट और 166 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके 56 वर्षीय खिलाड़ी का मानना है कि राशिद को अब अफगानिस्तान की

मुंबई इंडियंस की हार के बाद चार्लोट एडवर्ड्स ने अंपायरिंग पर उठाए सवाल

बोलीं-इसे पचा पाना वास्तव में मुश्किल है...

एजेंसी



वड़ोदरा। मुंबई इंडियंस की कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनकी टीम की आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार में बड़ी भूमिका निभाने वाले विवादास्पद रन आउट फैसलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस तरह के निर्णय को समझना वास्तव में मुश्किल है जो मैच के अंतिम परिणाम को प्रभावित करते हैं।

रन आउट के तीन विवादास्पद फैसले मुंबई इंडियंस के खिलाफ गए जिसका फायदा उठाकर दिल्ली जीत हासिल करने में सफल रही। तीसरी अंपायर गायत्री वेणुगोपालन ने दिल्ली की तीन बल्लेबाजों राधा यादव, अरुंधति रेड्डी और शिखा पांडे को गिल्लियों की लाइट जलने के बावजूद नॉट आउट करार दिया। तीसरे अंपायर के इन फैसलों ने आखिर में मैच के परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुंबई की करीबी हार के बाद इंग्लैंड की दो बार की विश्व कप विजेता कप्तान एडवर्ड्स ने कहा, आपको काफी शांत रहना होगा। जब अधिकतर फैसलों के लिए तीसरे अंपायर की मदद ली जाती है तो वास्तव में यह काफी मुश्किल होता है। तब मैच का परिणाम बड़ी स्क्रीन पर नजर आता है। उन्होंने कहा, ''इसे पचा पाना वास्तव में मुश्किल है लेकिन मैं लंबे समय से इस खेल से जुड़ी हूं और जानती हूं कि यह खेल का हिस्सा है।

टखने में चोट के कारण यशस्वी रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हुए

एजेंसी

नागपुर। मुम्बई के लिए खेलने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल टखने की चोट के कारण सोमवार से विदर्भ के साथ शुरु हो वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर गये हैं।

यशस्वी जायसवाल इस सप्ताहांत प्रशिक्षण के दौरान के बाएं टखने में चोट लग गई थी। वह अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) बेंगलुरू जाएंगे। मुम्बई टीम की ओर जायसवाल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में लिये जाने के बारे में नहीं बताया गया हैं।

भारतीय टेस्ट टीम के नियमित सदस्य जायसवाल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय में पर्दापण किया था। उन्हें विराट कोहली की जगह टीम में शामिल किया था। जायसवाल पहले भारत के शुरूआती चैंपियंस ट्रॉफी टीम में थे। लेकिन आखिर उनकी जगह पर वरूण चक्रवर्ती को टीम में शामिल कर लिया गया। दुबे और जायसवाल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा गया हैं और जरूरत पड़ने पर वे दुबई की यात्रा कर सकते हैं।

इसके बाद जायसवाल मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल खेलने वाले थे। टीम में अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार कुमार, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे नामी खिलाड़ी है।

उल्लेखनीय है कि कल होने वाले सेमीफाइनल में मुम्बई का मुकाबला विदर्भ से होगा।

अमांडा अनिसिमोवा ने जीता कतर ओपन का खिताब

दोहा। अमांडा अनिसिमोवा ने शनिवार को कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अपने करियर का तीसरा और 2022 के बाद पहला खिताब जीता। अनिसिमोवा ने बारिश के कारण दो बार बाधित फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 6-3 से हराया। बारिश के कारण दूसरी बार मैच बाधित होने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो अनिसिमोवा ने आखिरी तीन गेम जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वह 2002 में मोनिका सेलेस के बाद दोहा में खिताब जीतने वाली अमेरिका की पहली खिलाड़ी बन गई। अनिसिमोवा ने मैच के बाद कहा, यह वास्तव में काफी तनावपूर्ण था, विशेष कर दूसरी बार बारिश होने के बाद जब स्कोर 3-3 से बराबरी पर था। मैं ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी। ऐसी स्थिति में कोई भी कुछ नहीं कर सकता। मुझे खुशी है कि चीजें मेरे अनुकूल रही।

एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की बिरला सैल्युलोस के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप कंपनियों आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड और टीएसीसी लिमिटेड ने टेक्सटाईल ऐप्लीकेशन्स के लिए ग्राफीन टेक्नोलॉजी के विकास हेतु ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के सैल्युलोसिक फाइबर्स डिविज़न बिरला सैल्युलोस के साथ संयुक्त विकास करार किया है। कंपनी ने यहां कहा कि इस करार के तहत ग्राफीन, हेक्ज़ागोनल लैटिस में कार्बन एटम्स की सिंगल लेयर होती है, जिसे मजबूती, संचालनशीलता और लाईटवेट गुणों के लिए जाना जाता है। इन गुणों का उपयोग इलेक्ट्रोनिक्स, एनर्जी स्टोरेज, कोटिंग्स, कम्पोज़िट, निर्माण सामग्री और टेक्सटाईल्स में किया जा सकता है। इस साझेदारी के तहत टीएसीसी लिमिटेड बिरला सैल्युलोस को ग्राफीन डेरिवेटिव्स की आपूर्ति देगा। बिरला सैल्युलोस टीएसीसी के ग्राफीन डेरिवेटिव्स का उपयोग कर विस्कॉस फाइबर्स का उत्पादन करेगा। आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड ग्राफीन से बने इन विस्कॉस फाइबर्स का उपयोग टेक्सटाईल निर्माण के लिए करेगा।

विदेशी मुद्रा भंडार 7.7 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 638.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति एवं स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 07 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.1 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 630.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 07 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.42 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 544.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.32 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 72.21 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 17.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 7.1 करोड़ डॉलर लुढ़ककर 4.1 अरब डॉलर रह गया।

भारत टेक्स में पंचतत्व से प्रेरित सस्टेनेबल टेक्सटाईल नवाचार का प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की प्रमुख कंपनी आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड ने भारत मंडपम में चल रहे भारत के सबसे बड़े टेक्सटाईल कारोबार मेले भारत टेक्स 2025 में पंचतत्व से प्रेरित टेक्सटाईल इनोवेशन्स का प्रदर्शन किया है। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह ने कंपनी के इस पंचतत्व पहल की सराहना की है। भारत सरकार में टेक्सटाईल आयुक्त रूप राशि महापात्रा ने प्राचीन भारतीय ज्ञान 'पंचतत्व'- पांच तत्वों यानि अग्नि, धरती, जल, वायु और अंतरिक्ष- से प्रेरित इस नवाचार का अनावरण किया है जो सरकार के स्थायी भविष्य के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। प्रदर्शनी के दौरान पर्यावरण के अनुकूल टेक्सटाईल विज्ञान एवं कारोबार की सजग प्रथाओं के साथ उद्योग जगत के अग्रणी उत्पादों एवं सेवाओं को दर्शाया गया है, जिनमें पारम्परिक एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी के संयोजन से बने पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार टेक्सटाईल्स शामिल हैं। कंपनी के मेलांज यार्न कारोबार के प्रमुख एवं मुख्य कार्यकारी योगेश दत्त तिवारी ने कहा कि शो में आने वाले आगंतुक प्रत्येक पंचतत्व से प्रेरित उत्पादों को देख सकते हैं। अग्नि से प्रेरित टेक्सटाईल्स में आधुनिक अग्निरोधी, यूवी-प्रतिरोधी और उष्मा से सुरक्षित (हीट-प्रोटेक्टिव) फैब्रिक शामिल हैं, जिन्हें अत्याधुनिक थर्मोरेग्युलेशन टेक्नोलॉजी से बनाया गया है। धरती पर आधारित फैब्रिक में ओर्गेनिक कॉटन, हेम्प, जूट और बायोडीग्रेडेबल पॉलिस्टर से बने टेक्सटाईल्स हैं जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ मजबूत भी हैं। जल पर आधारित प्रोडक्ट की बात करें तो नमी सोखने वाले और जल्दी सूखने वाले जल-रोधी (वॉटर-रेपेलेन्ट) टेक्सटाईल्स हैं जिन्हें उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इसी तरह वायु से प्रेरित परिधानों में ब्रीदेबल, गंध रोधी, जालीदार बुनाई से बने और लाईटवेट डेनिम फैब्रिक शामिल हैं। अंतरिक्ष से प्रेरित परिधानों में भविष्य के लिए तैयार टेक्सटाईल्स शामिल हैं जिन्हें हाई-टेक फाइबर, ग्राफीन-एन्हान्स्ड फैब्रिक और अडैप्टिव सामग्री से बनाया गया है।

संक्षिप्त सामाचार

डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम की लॉचिंग 18 फरवरी

जैसलमेर। देश के विभिन्न राज्यों के शहरी क्षेत्रों में नवीनतम डिजिटल भू-अभिलेखों के निर्माण के लिए के डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत केंद्रीय भूमि संसाधन विभाग द्वारा जारी पायलट प्रोजेक्ट की देशव्यापी लॉचिंग 18 फरवरी को जैसलमेर में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की जाएगी। इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए राजस्थान के जैसलमेर सहित 10 शहरों का चयन किया गया है। नगर परिषद जैसलमेर आयुक्त लजपाल सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में नवीनतम डिजिटल भूमि अभिलेखों के निर्माण के लिए के तहत् भारत सरकार ने पायलेट कार्यक्रम लॉन्च किया है। राज्य सरकार द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत राजस्थान से जैसलमेर शहर को चयनित किया गया है। पायलेट कार्यक्रम के तहत सर्वे ऑफ इण्डिया, भारत सरकार द्वारा एरियल सर्वे करवाया जाकर शहर का जी.आई. एस. आधारित डिजिटल मानचित्र तैयार किया जावेगा। उन्होंने बताया कि इस पायलट प्रोजेक्ट का देशव्यापी लॉचिंग प्रोग्राम का लाईव प्रसारण 18 फरवरी को प्रात: 11:00 बजे नगर परिषद् जैसलमेर के मिटिंग हॉल में रखा गया है। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा जारी आदेशो के अंतर्गत चयनित किये गए निकाय द्वारा सर्वे में आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाते हुए सर्वे का मौके से निरीक्षण कर, राजस्व रिकॉर्ड एवं निकाय रिकॉर्ड के आधार पर सत्यापन किया जाना है।

भारत का रहा है डिजिटल क्रांति की अगुआई: सिंधिया

नयी दिल्ली। केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि भारत डिजिटल क्रांति की अगुआई कर रहा है, जिसके तहत सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने 17 साल बाद 262 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। श्री सिंधिया ने यहां एक बिजनेस सम्मेलन में कहा, आज, डिजिटल बुनियादी ढांचे ने भौतिक बुनियादी ढांचे की जगह ले ली है, और भारत सबसे उन्नत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के साथ दुनिया का नेतृत्व कर रहा है जो वैश्विक डिजिटल लेनदेन का 46 प्रतिशत हिस्सा संचालित करता है। इस प्रगति का एक शानदार उदाहरण बीएसएनएल है, जिसने 17 वर्षों में पहली बार लाभप्रदता हासिल की है। उन्होंने कहा कि नवाचार राष्ट्रीय विकास का इंजन है, और भारत में, पूंजी जो नवाचार की कुंजी है, एक वस्तु बन गई है। यहां सरकार और निजी क्षेत्र के बीच तालमेल वैश्विक स्तर पर बेजोड़ है।

महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत, श्रीलंका

नयी दिल्ली। भारत और श्रीलंका ने आर्थिक और औद्योगिक विकास की दृष्टि से आवश्यक महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों की खोज और विकास के काम में परस्पर सहयोग बढ़ाने के महत्व पर सहमति जतायी है जिसमें भारतीय कंपनियों को श्रीलंका के क्षेत्र में काम करने के अवसर का विषय भी जुड़ा है। श्रीलंका ने अपने समुद्र तट की रेत और ग्रेफाइट संसाधनों के अन्वेषण और विकास में भारतीय कंपनियों की सहभागिता को प्रोत्साहित किए जाने का अनुरोध किया है।

अमेरिकी टैरिफ नीति और एफआईआई के रुख का बाजार पर रहेगा असर

एजेंसी



मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीति से विश्व में व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह भी टैरिफ खतरे और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1920.98 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 75939.21 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 630.7 अंक यानी 2.7 प्रतिशत कमजोर रहकर 22929.25 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में हुई अधिक भारी बिकवाली से बाजार में कोहराम मच गया। इस दौरान मिडकैप 3318.48 अंक अर्थात 7.7 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 39731.79 अंक और स्मॉलकैप 4752.97 अंक यानी 9.5 प्रतिशत की गिरावट लेकर 45411.25 अंक पर आ गया। इस वर्ष फरवरी में अबतक एफआईआई की बिकवाली लगातार जारी है। एफआईआई ने इस महीने 04 फरवरी की 809.23 करोड़ रुपये की लिवाली को छोड़कर अबतक केवली बिकवाली की है। इससे उन्होंने बाजार से अबतक कुल 29,183.43 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की लगातार जारी लिवाली बाजार के लिए शुभ संकेत हैं। इस महीने अबतक डीआईआई कुल 26,019.07 करोड़ रुपये के लिवाल रहे हैं। विश्लेषकों के अनुसार, सप्ताह के अंत में बाजार में बिकवाली का रुख हावी रहा, जिससे निवेशकों के बीच निराशा का माहौल देखने को मिला। ब्याज दरों में कटौती की घटती संभावनाओं और उद्योग के कमजोर आंकड़ों ने सतर्कता बढ़ा दी, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

मादक पेयों की डंपिंग पर रोक लगे, भारतीय शराब पर विदेशों में पाबंदी दूर कराने के उपाय हों: सीआईएबीसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मादक पेय बनाने वाली कंपनियों के शीर्ष संगठन ने कहा है कि वे मदिरा पर आयात आयात शुल्क में कटौती के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन भारतीय बाजार को डंपिंग से बचने के लिए आयात शुल्क में कटौती धीरे धीरे की जानी चाहिए। भारतीय मादक पेय कंपनियों के परिसंघ (सीआईएबीसी) ने शनिवार को एक बयान में कहा, भारतीय शराब निर्माता आयात शुल्क में कटौती के खिलाफ नहीं हैं, पर वे चाहते हैं कि शुल्क में चरणबद्ध तरीके से होनी चाहिए। सीआईएबीसी का यह बयान भारत द्वारा अमेरिकी बॉर्बन व्हिस्की पर आयात शुल्क में कटौती के मद्देनजर आया है। सीआईएबीसी ने सरकार से भारतीय कंपनियों की चिंताओं को दूर करने और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) वार्ता में समान अवसर सुनिश्चित करने और आयातित मदिराओं की डंपिंग को रोकने के लिए कड़े प्रभावी उपाय करने की अपील की है। संगठन ने भारतीय मादक उत्पादों के लिए बेहतर अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रवेश सुगम किए जाने के मुद्दे पर भी काम करने का आग्रह किया है, जो वर्तमान में विभिन्न देशों में कई गैर-प्रशुल्कीय प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। संगठन ने मदिरा पर सीमा शुल्क में कमी के मद्देनजर आयातित शराब पर आबकारी में रियायतें वापस लेने का भी अनुरोध किया है। सीआईएबीसी के महानिदेशक अनंत एस अय्यर ने कहा, सीमा शुल्क में कटौती (मूल+अतरिक्त प्रशुल्क) और मुक्त व्यापार समझौतों एफटीए के तहत अन्य रियायतों से संबंधित मुद्दों पर निर्णय लेते समय सरकार को भारतीय शराब निर्माताओं के हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हमने सरकार से 10 वर्षों की अवधि में शराब पर मूल सीमा शुल्क में कटौती करने की सिफारिश की है, हम यह भी चाहते हैं।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्रीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय:- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

फालतू है कुंभ, कोई मतलब नहीं

लालू के बयान पर सियासी पारा हाई, एनडीए ने दिया तगड़ा जवाब

एजेंसी

पटना। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत पर अपना रिएक्शन देते पूर्व रेल मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कुंभ स्नान को लेकर ऐसा विवादित बयान दिया कि सियासत सुलग गई। लालू यादव ने पहले कहा कि रेलवे के मिस मैनेजमेंट से भगदड़ मची और इतने लोगों की मौत हो गई। इसकी जिम्मेवारी लेते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस्तीफा दे देना चाहिए। उसके बाद कुंभ मेला को ही फालतू बता दिया। राजद सुप्रीमो के बयान पर एनडीए के घटक दलों ने जोरदार पलटवार किया है। बीजेपी के प्रभाकर मिश्रा, जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने लालू यादव को हादसे पर राजनीति नहीं करने की नसीहत दी है। आरएलएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने तो लालू यादव को बूढ़ा बताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कह दी है। बयान के लिए लालू यादव को ट्रोल भी किया जा रहा है। इधर भगदड़ की हाई लेवल जांच शुरू हो गयी है। नई दिल्ली स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज को सील कर दिया गया है। इससे पहले लालू यादव ने कहा कि घटना बहुत दुखद है। रेल मंत्री को इसकी जिम्मवारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। जब उनसे कुंभ को लेकर सवाल किया गया तो बोले- अरे कुंभ का क्या कोई मतलब है, फालतू है कुंभ लालू प्रसाद के इस बोल पर एनडीए ने तगड़ा जवाब दिया है। बीजेपी के प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने पूछा है कि राबड़ी देवी जब छठ करती हैं तो गंगा में डूबकी नहीं लगाती हैं? काशी विश्वनाथ में दर्शन करने उनका परिवार नहीं जाता है? इसी वर्ष उनके लाखों अनुआयी कुंभ स्नान करने गए। लालू यादव ने उन सबका अपमान कर दिया।

जेडीयू प्रक्ता अरविंद निषाद ने लालू यादव पर हमला करते हुए कहा कि लालू जी जब रेल मंत्री रह चुके हैं। उनके समय भी एक हजार लोगों की मौत हुई थी। यह एक दुर्घटना है जिसपर राजनीति करना गलत बात है। रेलवे के साथ हिंदू सभ्यता संस्कृति और सनातन पर सवाल खड़े करना उचित नहीं है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने भी लालू यादव पर बड़ा हमला किया है।

नड्डा ने संगठनात्मक चुनावों को लेकर महासचिवों के साथ राजधानी में की बैठक

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने संगठनात्मक चुनावों और अन्य विषयों पर शनिवार शाम को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ एक बैठक की। पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय पर आयोजित इस बैठक में सर्वश्री डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, बंदी संजय कुमार, सुनील बंसल, विनोद तावडे, तरुण चुग, दुष्यंत कुमार गौतम, अरुण सिंह और राम माधव शामिल थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शाम को हुई यह बैठक देर रात तक चली। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत से बैठक में बड़े उत्साह का वातावरण था। भाजपा ने हाल ही में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 48 सीटों पर जीत दर्ज कर 27 साल पर केंद्र शासित प्रदेश की सत्ता में वापसी करने जा रही है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कल देर रात विदेश यात्रा से वापस आने के बाद दिल्ली में नयी सरकार के गठन को लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा में सरगर्मियां तेज हो गयी। पार्टी विधायक दल की अभी पहली बैठक की कोई तिथि घोषित नहीं की गयी और न ही इसके लिए अभी कोई पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

संक्षिप्त सामाचार

एसएसबी जवानों ने नाबालिग को मानव तस्करी से बचाया

सुपौल। बिहार के सुपौल जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने एक नाबालिग को मानव तस्करी से बचाया। एसएसबी 45 वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट जगदीश कुमार शर्मा ने रविवार को बताया कि शनिवार को सूचना मिली थी कि एक लड़का अपने साथ एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर शादी के उद्देश्य से भीमनगर के रास्ते नेपाल ले जाने वाला है। इसके बाद चेक पोस्ट ड्यूटी को सतर्क किया गया तथा मौके पर एसएसबी की मानव तस्कर विरोधी दल पहुंची। चेक-पोस्ट ड्यूटी पर तैनात उप-निरीक्षक भावना एवं सहायक उप-निरीक्षक ज्ञान चंद के दल को संदेहजनक जोड़े आते दिखाई दिए तथा उन्हें रोककर पूछताछ की गई। श्री शर्मा ने बताया कि पूछताछ के क्रम में जानकारी मिली कि सुपौल थाना निवासी अरविन्द्र प्रभु (काल्पनिक नाम), राजकुमारी (काल्पनिक नाम) को बहला -फुसला कर घर वालों के बिना जानकारी के शादी के उद्देश्य से नेपाल लेकर जा रहा है। एसएसबी ने नाबालिग लड़की राजकुमारी को चाइल्ड हेल्प लाइन सुपौल एवं लड़का अरविन्द्र प्रभु को भीमनगर थाना के सुपुर्द कर दिया है।

प्रसिद्ध तेलुगु अभिनेत्री और निर्माता कृष्णावेनी का निधन

हैदराबाद। प्रसिद्ध तेलगू अभिनेत्री और निर्माता चित्तजल्लू कृष्णावेनी का रविवार सुबह हैदराबाद के फिल्म नगर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 102 वर्ष की थीं। आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के पांगिडी में 24 दिसंबर, 1921 को जन्मी कृष्णावेनी ने फिल्मों में आने से पहले एक नाटक कलाकार के रूप में अपनी कलात्मक यात्रा शुरू की।

उन्होंने 1936 की फिल्म सती अनसूया में एक बाल कलाकार के रूप में सिनेमाई शुरुआत की। अपने परिवार के साथ चेन्नई स्थानांतरित होने के बाद उन्हें तेलुगु और तमिल सिनेमा दोनों में अभिनय के कई अवसर मिले।

कृष्णावेनी ने तेलुगु फिल्म उद्योग में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विशेष रूप से अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कई प्रतिष्ठित हस्तियों को पेश किया। 1949 की फिल्म मनदेसम ने प्रसिद्ध अभिनेता एन टी रामाराव, प्रसिद्ध पार्श्व गायक घंटासाला और गायक गायक पी. लीला की शुरुआत की। उनके निधन पर फिल्म बिरादरी के कई सदस्यों ने अपनी संवेदना व्यक्त की और भारतीय सिनेमा में कृष्णवेनी के अपार योगदान के लिए उन्हें श्रद्धांजलि दी। एक अभिनेत्री, निर्माता और गुरु के रूप में उनकी विरासत को पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा, भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

पाकिस्तान के 8 जिलों में पोलियो वायरस मिला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के आठ जिलों से 15 जनवरी से 24 जनवरी, 2025 के बीच एकत्र किए गए पर्यावरण नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस टाइप 1 (डब्ल्यूपीवी1) का पता चला है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एनआईएच में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार देश के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के चार जिलों और उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तीन जिलों से एकत्र किए गए सीवेज नमूनों में शुक्रवार तक डब्ल्यूपीवी1 के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसा रेलवे मंत्रालय की लापरवाही का नतीजाः मान

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को मची भगदड़ के दौरान हुई यात्रियों की मौत दु:ख व्यक्त करते हुए इसे रेलवे मंत्रालय की लापरवाही का नतीजा बताया है।

भगवंत मान ने रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स ' पर एक संदेश में कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बीती रात मची भगदड़ के दौरान यात्रियों की मौत की दुखद खबर मिली। दुखद घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों की आत्मिक शांति के लिए परमात्मा से प्रार्थना करते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। यह हादसा रेलवे मंत्रालय की लापरवाही का नतीजा है। अफसोस की बात है कि देश की राजधानी में लोगों की कीमती जान की कोई परवाह नहीं की जा रही।

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थिति नियंत्रण में-वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन (एनडीएलएस) पर स्थिति नियंत्रण में है। श्री वैष्णव ने कहा कि दिल्ली पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मौके पर पहुंच गई है एवं भगदड़ में घायल हुए लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। अचानक हुई भीड़ को निकालने के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। रेलवे द्वारा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए है।

आज रात राष्ट्रीय राजधानी के नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में कम से कम दस यात्री घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रात करीब दस बजे प्लेटफॉर्म नंबर 14 एवं 15 पर बड़ी संख्या में आए यात्रियों में किसी वजह से भगदड़ मच गई जिसमें अनेक यात्री घायल एवं बेहोश हो गए। दिल्ली पुलिस ने घायलों की संख्या 10 बताई है। बताया गया है कि प्रयागराज एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर खड़ी थी तो प्लेटफॉर्म पर बहुत सारे लोग मौजूद थे। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी में देरी हुई और इन ट्रेनों के यात्री भी प्लेटफॉर्म नंबर 12,13 और 14 पर मौजूद थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार हर घंटे रेलवे द्वारा 1500 सामान्य टिकट बेचे गए थे। यही कारण है कि भीड़ बेकाबू हो गई। प्लेटफार्म नंबर 14 पर और प्लेटफॉर्म नंबर 16 के पास एस्केलेटर के पास भगदड़ होने की सूचना है। सूत्रों के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ और दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया है। सूत्रों ने बताया कि अचानक बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए चार विशेष गाड़ी चलाने की घोषणा की गई है। इससे भीड़ में कमी आ रही है।

एलएनजेपी अस्पताल जाकर घायलों से मिले सचदेवा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में नयी दिल्ली रेलवे जंक्शन पर हुए हादसे में घायल लोगों से मिले और उनसे बातचीत की।

श्री सचदेवा शनिवार को देर रात नयी दिल्ली रेलवे जंक्शन भी पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने डाक्टरों और अधिकारियों से बात की है और उन्होंने घायलों का उचित इलाज करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया की जहां दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव ने कुछ अलग-अलग अस्पतालों में चिकित्सा दल की ड्यूटी लगा दी है, वहीं रेलवे ने प्रयागराज के लिए तीन विशेष ट्रेन शुरू की है।

अफ्रीकी देशों से 17 अफगान कैदी रिहा

काबुल। अफ्रीकी देशों में कैद कुल 17 अफगान कैदियों को मुक्त कर दिया गया है और वे अपनी मातृभूमि अफगानिस्तान लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार देर रात यह जानकारी दी। मंत्रालय के उप प्रवक्ता हाफिज जिया अहमद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट में कहा, काहिरा में अफगानिस्तान के दूतावास ने मिस्र, मोरक्को, लीबिया, सूडान और मॉरिटानिया सहित कई अफ्रीकी देशों की जेलों से 17 अफगान नागरिकों की रिहाई में सफलतापूर्वक मदद की है। श्री अहमद ने घोषणा की कि विभिन्न कारणों से अफगान नागरिकों को उक्त देशों में कैद किया गया। इससे पहले पिछले साल सितंबर में जेल प्रशासन के कार्यवाहक प्रमुख मोहम्मद यूसुफ मुस्तरी ने संकेत दिया था कि वर्तमान में आठ हजार से नौ हजार अफगान नागरिक देश के बाहर कैद में हैं।

सब सोच रखा है तो हमारी जरूरत ही क्या है आर-पार के मूड में अनिल विज, अन्याय पर भड़के

एजेंसी

चंडीगढ़। अंबाला नगर परिषद के चुनाव में पार्षदों के टिकट बंटवारे को लेकर मची कलह तेज होती जा रही है। अंबाला कैंट से विधायक और भाजपा के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज अपने 15 समर्थकों को टिकट न मिलने से भड़के हुए हैं। उनके समर्थकों ने यहां तक कह दिया है कि यदि लोकल यूनिट की बात को खारिज कर हाईकमान के लेवल से ही सब तय हो रहा है तो फिर हमारी जरूरत ही क्या है। एक समर्थक ने कहा कि कुल 32 नामों का ऐलान हुआ है, जिनमें से 15 लोग तो ऐसे हैं, जिनकी सिफारिश स्थानीय स्तर पर किसी भी नेता ने नहीं की थी। इस पर अनिल विज भड़क गए हैं और उनका कहना है कि क्या मैं विदेश चला जाऊं, जब कोई सुनवाई ही नहीं हो रही है। शुक्रवार को देर रात लिस्ट जारी हुई तो हलचल तेज हो गई। अनिल विज के समर्थक उनके घर पहुंचने लगे। यही नहीं शनिवार को भी यह सिलसिला जारी रहा और अब रविवार को भी उनके यहां समर्थकों का हुजूम उमड़ा पड़ा है। स्थानीय कार्यकर्ता, नेता, बूथ और मंडलों के अध्यक्ष उनसे मिलने पहुंच रहे हैं। खबर है कि स्थानीय यूनिट की तरफ से हाईकमान को एक ईमेल भी भेजा गया है। इसमें टिकट बंटवारे को लेकर असंतोष जाहिर किया गया है। अनिल विज के समर्थकों ने नारेबाजी की भी की है। खासतौर पर उन लोगों के खिलाफ नारे लगाए गए, जिन्हें टिकट मिला है। यही नहीं ऐसे भी कई नेता नाराजा हैं, जिन्हें टिकट मिला है। उनका कहना है कि अनिल विज जो कहेंगे, वह वही करेंगे। इन लोगों का कहना है कि चुनाव में अनिल विज के खिलाफ काम करने वाले कई लोगों का पार्षद का टिकट मिला है। अनिल विज के गुस्से को देखते हुए समर्थकों का कहना है कि पार्टी हाईकमान से यदि पॉजिटिव जवाब नहीं मिला तो भविष्य में वह मंत्री पद छोड़ सकते हैं।

सुरक्षा बलों ने सात कुकी उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने कुकी नेशनल आर्मी (केएनए) के सात उग्रवादियों को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यहां यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को चुराचांदपुर जिले के संगलकोट थाना क्षेत्र में ओल्ड खौकुआल में एरिया डोमिनेशन और गश्त की। केएनए के सदस्यों की पहचान सेखोगिन हाओकिप, नगामलेनमांग मेट, सेखोमांग हाओकिप, थांगलेमांग हाओकिप, जामखोसी हाओकिप, लुनखोलाल खोंगसाई और मंगखांगथांग किपगेन फ्यूरोन एप्रेहेंडिडोस के रूप में की गई। केएनए सरकार के साथ ऑपरेशन के निलंबन का एक हस्ताक्षरकर्ता है और उनसे हथियार ले जाने और शिविरों में सीमित रहने की अपेक्षा नहीं की जाती है। उग्रवादियों के पास दो एके-47 राइफल, 7.62 असॉल्ट राइफल, तीन सिंगल बोर राइफल, एके-47 की दस मैगजीन, 654 7.62 मिमी लाइव राउंड, 19 सिंगल बोर लाइव कारतूस, छह सेल फोन, बाओफेंग रेडियो सेट, बैटरी के साथ डायनेमो और बड़ी संख्या में युद्ध जैसी सामग्री मिली। पुलिस ने टेंग्नौपाल जिले के सेनम गांव से 9 मिमी पिस्तौल, 7.65 मिमी पिस्तौल, इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस(आईईडी) भी बरामद किया। एक अन्य घटना में, टेंग्नौपाल जिले में सीमा स्तंभ संख्या 73 और 74 के बीच 12 बोर पंप गन, सिंगल बैरल राइफल, हैंड ग्रेनेड और अन्य युद्ध सामग्री जब्त की गई।

केटीआर ने कांग्रेस पर गुरुकुलों की उपेक्षा करने का लगाया आरोप

एजेंसी

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री के. टी रामाराव (केटीआर) ने कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की है और उस पर तेलंगाना के गुरुकुल संस्थानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। श्री रामाराव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के महज एक साल के भीतर ये संस्थान अव्यवस्था में आ गए हैं, जिससे हाशिये पर पड़े हजारों छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। श्री केटीआर ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर जानबूझकर गुरुकुल प्रणाली को खत्म करने का आरोप लगाया, जो दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्थापित की गई थी। उन्होंने दावा किया कि इन संस्थानों को बनाए रखने में कांग्रेस सरकार की विफलता केसीआर (बीआरएस प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव) की विरासत को मिटाने के उसके प्रयास को दर्शाती है। आवेदनों में भारी गिरावट पर प्रकाश डालते हुए, श्री केटीआर ने बताया कि बीआरएस सरकार के दौरान, अनुसूचित जाती, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक गुरुकुलों में 41,000 सीटों के लिए 1.68 लाख छात्रों ने आवेदन किया था। इसके विपरीत, कांग्रेस प्रशासन के तहत, 51,000 सीटों के लिए केवल 80,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं इससे यह पता चलता है कि 80,000 से अधिक माता-पिता ने सरकार में विश्वास खो दिया है। श्री केटीआर ने अफसोस जताया कि गुरुकुल कभी छात्रों के लिए शीर्ष पसंद थे, लेकिन अब वे आवेदकों को आकर्षित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इस बदलाव के लिए खतरनाक घटनाओं को जिम्मेदार ठहराया, जिनमें भूख, सांप के काटने, आत्महत्या और खाद्य विषाक्तता के कारण 50 से अधिक छात्रों की मौत की खबरें शामिल हैं, इन मामलों ने माता-पिता के बीच गंभीर सुरक्षा चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने टिप्पणी की, माता-पिता अब अपने बच्चों की शिक्षा से ज्यादा उनके जीवन को लेकर चिंतित हैं। इसके अलावा, उन्होंने दुखी परिवारों के प्रति उदासीनता के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की, आरोप लगाया कि मंत्री और विधायक उन्हें सांत्वना देने में विफल रहे और इसके बजाय बीआरएस नेताओं को उन तक पहुंचने से रोकने का प्रयास किया। केटीआर ने कहा कि कैसे गुरुकुल के छात्र कभी चिकित्सा और इंजीनियरिंग में अपना करियर बनाते थे, लेकिन अब उन्हें कांग्रेस सरकार की दूरदर्शिता की कमी के कारण उनके लिए अनिश्चित भविष्य का डर है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर भेदभावपूर्ण नीतियों और लापरवाही के माध्यम से जानबूझकर गुरुकुल प्रणाली को कमजोर करने का आरोप लगाया। श्री केटीआर ने कहा कि गुरुकुलों में जनता का विश्वास तेजी से कम होना कांग्रेस सरकार के अधूरे वादों का प्रतिबिंब है। उन्होंने इन संस्थानों को उनके पूर्व गौरव पर बहाल करने के लिए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की।

पूर्व विधायक की मारपीट के बाद मौत

बेलगावी। कर्नाटक के बेलगावी में गोवा के पूर्व विधायक और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी लवू ममलतदार (68) पर एक ऑटो चालक द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के कुछ ही मिनटों बाद उनकी मौत हो गई है। यह पूरा विवाद सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया, जो अब सामने आया है जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। श्री ममलतदार पणजी से लगभग 120 किलोमीटर दूर बेलगावी में एक व्यावसायिक यात्रा पर गए थे और वहां उनका एक ऑटो चालक से एक दुर्घटना को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार विवाद इतना बढ़ गया कि ऑटो चालक ने श्री ममलतदार पर कई बार शारीरिक हमला किया। श्री ममलतदार कुछ ही देर बाद एक होटल की सीढ़ियों पर गिर गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें भर्ती करने से पहले मृत घोषित कर दिया गया। बेलगावी पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच कर रही है। गोवा और अन्य जगहों पर राजनीतिक हलकों में पूर्व विधायक की दुखद मौत पर प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है।

RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes
आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी
और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत
तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007